卐 श्री सदगुरू देवाय नम: 卐 卐 ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐卐 卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धो: सलिलं सलीलं,य:शोकवह्नि जनकात्मजाया: आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त
हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 25 ♦अंक 12 ♦पृष्ठ 8 ♦रूद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦शुक्रवार ♦18 अक्टूबर 2024 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in

GAGNEJA PROPERTIES
CONTACT FOR SALE, PURCHASE RENT & LEASE
✔ Shops ✔ Houses
✔ Industrial Property
✔ Commercial Property
✔ Agriculture Land
REAL ESTATE WITHOUT THE HASSLE
MO.-8630672525,8279444462
ADD- SRA F69, Shop No.4, Adarsh Colony, Rudrapur

## विशेषज्ञ समिति ने सीएम को सौंपा यूसीसी की नियमावली का ड्राफ्ट

देहरादून (उद संवाददाता)। यूसीसी समिति ने शुक्रवार को सचिवालय में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को नियमावली का ड्राफ्ट सौंप दिया। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने घोषणा की है कि राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर यूसीसी लागू कर दिया जायेगा। सीएम ने कहा उत्तराखंड यूसीसी लागू करने वाला देश का पहला राज्य बनेगा। सरकार अब नियमावली का अध्यन्न करेगी। मुख्यमंत्री ने कहा यूसीसी सबकी समानता के लिए है। किसी को इससे घबराने की जरुरत नहीं है। यूसीसी किसी विशेष धर्म को टारगेट करके नहीं बनाया गया है। बता दें सीएम धामी ने विधानसभा चुनाव से दो दिन पहले उत्तराखंड की जनता से प्रदेश में यूसीसी लागू करने का वायदा किया था। सीएम ने कहा यूसीसी का श्रेय राज्य की जनता को जाता है, जिन्होंने उन्हें सरकार बनाने का मौका दिया। मुख्यमंत्री ने कहा इस बार चुनाव में जनता ने सालों से चले आ रहे मिथक तोड़े, सरकार रिपीट हुई। सीएम ने जानकारी नेते हुए बताया कि यूसीसी की नियमावली चार भाग में है। जल्द ही मंत्रिमंडल की बैठक होगी और विचार विमर्श कर यूसीसी को लागू किया जायेगा। सीएम ने कहा कर्मचारियों को भी इसके लिए प्रशिक्षित किया जाएगा। इसके लिए (शेष पृष्ठ सात पर)



## विधायक के कार्यालय में घुसे चार संदिग्ध,एक ने पांचवी मंजिल से लगाई छलांग,घायल

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। विधायक शिव अरोरा के पीएसए प्लाजा स्थित कार्यालय में घुसने की कोशिश कर रहे चार संदिग्धों में से एक ने पुलिस से बचने के लिए पांचवी मंजिल पर जाकर छलांग लगा दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे सुशीला तिवारी अस्पताल भर्ती कराया गया है। जबकि उसके तीन साथी मौके से फरार हो गये। वाकया शुक्रवार रात का है। विधायक शिव अरोरा का कार्यालय कल्याणी व्यू में सरस्वती शिशु मंदिर के सामने पीएसए प्लाजा कॉम्पलेक्स में स्थित है। रात को कॉम्पलेक्स के गेट के बाहर सिक्योरिटी गार्ड तैनात था। करीब 11 बजे शराब पीकर आये चार युवक शिव अरोरा के कार्यालय में घुसने की कोशिश करने लगे। जब गार्ड ने रोका तो वह गार्ड से उलझ गये और मारपीट पर उतारू हो गये। इसी बीच गार्ड ने विधायक के पीए को फोन पर सूचना दी जिस पर विधायक के कुछ करीबी वहां पहुंच गये और पुलिस को मामले की सूचना दी। तब तब तीन युवक मौके से फरार हो गये जबकि एक कॉम्पलेक्स के अंदर था उसे भागने से रोकने के लिए कॉम्पलेक्स का चैनल बंद कर दिया गया। सूचना पर पुलिस युवक को पकड़ने के लिए मौके पर पहुंची तो चैनल के भीतर बंद युवक (शेष पृष्ठ सात पर)

## युवक पर लोहे की रॉड से हमला

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। मौहल्ला रम्पुरा में घर के पास बैठे एक युवक पर यहीं के रहने वाले युवक ने लोहे की रॉड से जानलेवा हमला कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया। जिसे उपचार के लिए जिला चिकित्सालय ले जाया गया। घायल युवक की मां का आरोप है कि वह घटना की सूचना देने तुरंत रम्पुरा चौकी पहुंची लेकिन पुलिस ने उसकी कोई मदद नही। रम्पुरा निवासी सुषमा ने बताया कि उसका पुत्र अजय घर के पास बैठा हुआ था। तभी पास में रहने वाले युवक ने लोहे की रॉड से उसके सिर पर हमला कर दिया। जिससे पुत्र के सिर से खून बहने लगा। उसका पैर भी फैक्चर हो गया। ।यह देखते ही वह तुरंत रम्पुरा चौकी पहुंची और उसने पुलिस कर्मियों को सारी बात बताते हुए पुत्र की जान बचाने का आग्रह किया। लेकिन पुलिस कर्मियों ने यह कहकर साथ जाने से मना कर दिया कि पहले पुत्र को हॉस्पीटल में ले जाकर उसका उपचार कराओ। उसके बाद तहरीर लेकर आना। यदि पुलिस तुरंत पहुंचती तो हमलावर (शेष पृष्ठ सात पर)



## महिला की तरह मेकअप करने के बाद युवक ने लगाई फांसी

मसूरी(उद संवाददाता)। लाल बहादुर शास्त्री प्रशासन राष्ट्रीय अकादमी के मल्टी टास्किंग स्टाफ विभाग में कार्यरत एक युवक ने महिला के वेश में श्रृंगार करने के बाद फांसी लगा ली। पुलिस ने दरवाजा तोड़कर फंदे पर लटका शव उतारा और स्वजनों को सूचना दी। मृतक ने बिंदी, लिपिस्टिक भी लगाई थी और गले में हार भी पहना था। पुलिस आत्महत्या के कारणों की जांच कर रही है। 22 वर्षीय अनुकूल रावत पुत्र विपेंद्र सिंह रावत निवासी ग्राम उफल्डा श्रीनगर पौड़ी गढ़वाल एलबीएस अकादमी मसूरी में एमटीएस विभाग में काम करता था और सरकारी आवास में अकेले रहता था।गुरूवार शाम को चौकी में एक होमगार्ड ने सरकारी आवास में आत्महत्या की सूचना दी। जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची तो कमरे का दरवाजा अंदर से बंद था। पुलिस ने कारपेंटर को बुलाकर दरवाजा तुड़वाया और शव को फंदे से उतारा। भीतर का दृश्य देख पुलिस भी सकते में आ गई। युवक ने महिलाओं की तरह श्रृंगार कर साड़ी पहनी हुई थी। पुलिस को प्रारंभिक पड़ताल में पता चला है कि अनुकूल रावत एलबीएस मसूरी में एमटीएस विभाग में कुछ समय पहले ही तैनात हुआ था और वह सरकारी आवास में अकेले रहता था। वह दो दिन से कार्यालय नहीं जा रहा था, जिस कारण गुरुवार को अकादमी से स्टाफ को उसके आवास पर जानकारी लेने भेजा गया। कर्मचारियों ने दरवाजा खटखटाया लेकिन भीतर से कोई जवाब नहीं मिला। खिड़की से झांककर देखने पर अनुकूल के फांसी लगाने का पता चला। एसएसपी के अनुसार प्रारंभिक जांच में युवक की मनोदशा ठीक न होने की जानकारी मिली है। स्वजनों के आने के बाद ही युवक के बारे में और जानकारी मिल सकेगी। घटनास्थल से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। 2 दिन पहले भी युवक ने महिला का रूप बनाकर व्हाट्स एप डीपी भी लगाई थी।पुलिस सेक्सुअल डिसऑर्डर समेत तमाम पहलुओं की जांच में जुटी है। बता दें पिछले जून माह में इसी तरह की घटना पंतनगर में भी हो चुकी है। एयरपोर्ट पर तैनात असिस्टेंट मैनेजर (एयर ट्रैफिक कंट्रोल) आशीष चौसाली ने 24 जून को माथे पर बिंदी और होंठों पर लिपिस्टिक लगाकर लड़की का वेष धारण कर फांसी लगा ली थी।



## अव्यवस्थाओं पर जिला अस्पताल में हंगामा

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। जिला अस्पताल में व्याप्त अव्यवस्थाओं को लेकर कांग्रेसियों ने शुक्रवार को हंगामा काटा और चिकित्सा अधीक्षक को जमकर खरी खोटी सुनाई। महानगर कांग्रेस अध्यक्ष के नेतृत्व में तमाम कांग्रेसी शुक्रवार को पूर्व मुख्यमंत्री एनडी तिवारी की पुण्य तिथि एवं जयंती के मौके पर अस्पताल में मरीजों को फल वितरित करने गये थे। जब कांग्रेसी मरीजों को फल वितरित कर रहे थे तभी कुछ मरीज अपनी व्यथा सुनाते हुए रो पड़े उन्होने फल लेने से भी इनकार कर दिया। उनका कहना था कि अस्पताल में अव्यवस्थाओं का बोलबाला है, मरीजों की कोई सुनने वाला नहीं है। मरीज को देखने के लिए न तो डॉक्टर आते हैं और न ही अन्य चिकित्सा कर्मी आते हैं। मरीजों ने बताया कि उन्हें दवाईयां भी बाजार से मंगानी पड़ रही हैं। शिकायत करने पर कोई सुनवाई नहीं की जाती। एक मरीज ने बताया कि 15 दिन से उसके पैर में पट्टी नहीं हुयी है, जिसके चलते उसका पैर सड़ने लगा है। इसी तरह कई मरीजों ने कांग्रेस नेताओं को अपनी व्यथा सुनाई तो कांग्रेसी भड़क उठे उन्होंने हंगामा करते हुए (शेष पृष्ठ सात पर)



## जहरखुरानों ने बस में यात्री को बनाया शिकार

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। दिल्ली आनन्द विहार से रोड़वेज बस से रूद्रपुर आ रहे एक यात्री को मार्ग में अज्ञात जहर खुरानों ने अपना शिकार बनाकर उसके पास से मोबाईल, नगदी सहित अन्य सामान लूट लिया। यात्री को बेहोशी की हालत में उपचार के लिए यहां जिला चिकित्सालय भर्ती कराया गया है। घटना की सूचना मिलने पर यात्री के परिजन भी यहां आ पहुंचे। जानकारी के अनुसार सितारगंज रोड़ खटीमा निवासी 39 वर्षीय विरेंन्द्र सिंह पुत्र त्रिलोक सिंह असम में स्थित एक निजी संस्थान में काम करते हैं। वह परिवार से मिलने गत दिवस असम से हवाई जहाज से दिल्ली तक आये थे और गत रात्रि दिल्ली आनन्द विहार से रोडवेज बस से खटीमा आने को चले। बताया जाता है कि मार्ग में पास ही बैठे जहर खुरान गिरोह के सदस्य ने उन्हे बातों में लेकर कुछ खाने को दिया। जिसके खाते ही विरेन्द्र बेहोश हो गया। जिसके बाद गिरोह के सदस्यों ने उनका मोबाईल, हजारों की नगदी से भरा उनका पर्स तथा सामान का बैग हथिया लिया और एक स्टोपेज पर बस के रूकते ही सभी बस से उतर कर फरार हो गये। बेहोशी की अवस्था में जब विरेन्द्र रूद्रपुर पहुंचे तो बस परिचालक ने उन्हें ऐसी हालत में देख पुलिस को सूचना दी। विरेन्द्र को उपचार के लिए तत्काल जिला चिकित्सालय भर्ती कराया गया। कुछ होश आने पर विरेन्द्र से उनके परिजनों का मोबाईल नम्बर पूछकर परिजनों को घटना की जानकारी दी गई। सूचना मिलते ही परिजन भी जिला चिकित्सालय आ गये। पुलिस का कहना है कि त्यौहारी सीजन में रोड़वेज बस व रेल में जहर खुरानी गिरोह की सक्रियता काफी बढ़ जाती खहै। इसलिए सभी को यात्री सतर्क रहें।



## प्रदेश में शीघ्र खत्म होगा चिकित्सकों का टोटा:भट्ट

किच्छा(उद संवाददाता)। पूर्व केन्द्रीय मंत्री एवं क्षेत्रीय सांसद अजय भट्ट ने कहा कि क्षेत्र में एम्स बनने के बाद यूपी सहित तमाम उत्तराखंड से लगते क्षेत्र के लोगों को अपना इलाज करने के लिए अब बाहर नहीं जाना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि सरदार वल्लभभाई पटेल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में चिकित्सकों की कमी की जानकारी उन्हें भी है और तथा प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को भी है। चिकित्सकों की कमी की वजह से चिकित्सालय में डॉक्टरों की कमी हो रही है जिसे उत्तराखंड सरकार शीघ्र दूर करेगी। समय की यह मांग है कि प्रत्येक नागरिक को अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहना होगा। वे यहां सैटेलाइट एम्स ऋषिकेश के आउट रीच सोशल सेल द्वारा लगाए गए चिकित्सा जांच शिविर के उद्घाटन के अवसर पर बोल रहे थे। उन्होंने पत्रकारों के सवालों का जवाब देते हुए कहा कि उत्तराखंड को यह गौरव प्राप्त हुआ है कि जहां एक राज्य में दो एम्स मिले हैं। शीघ्र ही सैटेलाइट एम्स का रूप परिवर्तित करके पूर्ण एम्स के रूप में जनता को पेश किया जाएगा। उन्होंने कहा कि किच्छा में बन रहे एम्स में भूमि की कोई भी कमी नहीं है। इसीलिए केंद्र सरकार किच्छा में बन रहे सैटेलाइट ऋषिकेश एम्स को पूर्ण एम्स का दर्जा देने के लिए विचार कर रही है। किच्छा के सरदार वल्लभभाई सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में चिकित्सकों की कमी के सवाल पर सांसद अजय भट्ट ने कहा कि जनता की इस मांग को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के जानकारी में लाया गया है जिसको शीघ्र ही हल करने के प्रयास किया जा रहे हैं। अति शीघ्र किच्छा के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में चिकित्सकों (शेष पृष्ठ सात पर)



## एम्स के चिकित्सा शिविर का सैकड़ों लोगों ने उठाया लाभ

किच्छा(उद संवाददाता)। एम्स, ऋषिकेश के सोशल आउटरीच सेल द्वारा आयोजित वृहद स्वास्थ्य शिविर का शुभारंभ सांसद अजय भट्ट द्वारा फीता काट कर किया । शिविर में एम्स के विशेषज्ञों द्वारा द्वारा मरीजों की जांच करके दवाओं का वितरण किया गया जिसमें किच्छा के सुदूर क्षेत्र के लोगों तथा स्थानीय जनता का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया एवं विभिन्न बीमारियों के बारे में जानकारी दी । एम्स, ऋषिकेश की कार्यकारी निदेशक प्रो. मीनू सिंह के निर्देशन में सोशल आउटरीच सेल द्वारा यह आयोजन किया गया है। प्रो. मीनू सिंह ने कहा कि किच्छा में बनने वाला सेटेलाइट सेंटर एम्स, ऋषिकेश का दूसरा सेंटर है जहां लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मुहैया होगीं और यह हमारा अथक प्रयास रहेगा। सेटेलाइट सेंटर के द्वारा जनता को जागरूक करना तथा एम्स, ऋषिकेश द्वारा उसके साथ जुड़ाव और स्वास्थ्य लाभ प्राप्त कर सकें इसी उद्देश्य के साथ समय-समय पर स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जाएगा। सोशल आउटरीच सेल के नोडल अधिकारी एवं फैमिली फिजिशियन डॉ. संतोष कुमार ने लोगों से जनसंपर्क के दौरान कहा कि (शेष पृष्ठ सात पर)

# 24 वर्षों की विकास यात्रा में उत्तराखण्ड की अर्थव्यवस्था ने लगाई लंबी छलांग

देहरादून(उद संवाददाता)। 24 वर्षों की विकास यात्रा में उत्तराखण्ड की अर्थव्यवस्था ने लंबी छलांग लगाई है। आज अर्थव्यवस्था का आकार 24 गुना बढ़ा है। इसी प्रकार प्रति व्यक्ति आय 17 गुना बढ़ी है। इससे साफ है कि उत्तराखण्ड राज्य में विकास का पहिया तेजी से घूम रहा है। 24 वर्षों के कालखण्ड में तमाम उतार बढ़ावों का सामना करते हुए उत्तराखण्ड ने हार नहीं मानी है। पहाड़वासियों के पहाड़ जैसे हौसले ने विकास की रफ्तारधीमी नहीं पड़ने दी। आज राज्य की अर्थव्यवस्था (जीएसडीपी) लगातार सुधार की ओर है। अर्थव्यवस्था का बढ़ता आकार राज्य की समृद्धि को बयां कर रहा है। उत्तराखण्ड राज्य गठन के वक्त यानी वर्ष 2000 में अर्थव्यवस्था का आकार 14501 करोड़ था, जो 2023-24 में बढ़कर 346000 करोड़ रुपये हो चुका है। इसमें पर्यटन क्षेत्र का अहम योगदान रहा है। दो वर्ष पूर्व जीएसडीपी में पर्यटन सेक्टर की भागीदारी 37% थी, जो अब बढ़कर 43.7 प्रतिशत हो गई है।इसी प्रकार प्रति व्यक्ति आमदनी भी बढ़कर 02लाख 60 हजार हो चुकी है। जबकि वर्ष 2,000 में प्रति व्यक्ति आय 15,285 थी। पिछले दो वर्षों के आंकड़ों पर ही नजर डालें तो राज्य की प्रति व्यक्ति आय



में 26 प्रतिशत वृद्धि हुई है।राज्य में विकास के रफ्तार पकड़ने से बजट में भी बीस गुना बढ़ोतरी हुई है। राज्य गठन के समय वर्ष 2000 में उत्तराखण्ड का बजट 4500 करोड़ के करीब था। जबकि वर्ष 24-25 के लिए कुल 94 हजार करोड़ से अधिक बजट का प्रावधान किया गया है। इसमें 89230.07 आम बजट और 5013.05 अनुपूरक बजट की धनराशि शामिल है। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि राज्य गठन के 24 वर्षों में उत्तराखण्ड ने विकास की नई ऊंचाइयों को हासिल किया है। इस विकास यात्रा में प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाला कालखंड विशेष रहा है। इस दौर में उत्तराखण्ड में तरक्की के नए द्वार खुले हैं। आर्थिक मोर्चे पर हमारा प्रदर्शन उत्साहजनक रहा है। राज्य की प्रति व्यक्ति आय में 17 गुना वृद्धि हुई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमने आगामी पांच वर्षों में राज्य की जीएसडीपी को दोगुना करने का लक्ष्य निधारित किया है। इस दिशा में हम लगातार आगे बढ़ रहे हैं। राजस्व वृद्धि के लिए कारगर कदम उठाए गए हैं। घाटे में चल रहे राज्य सरकार के कई विभाग आज लाभ देने की स्थिति में आ रहे हैं। मुझे पूर्ण विश्वास है कि राज्य की देवतुल्य जनता और शासन-प्रशासन के प्रयासों से हम इस लक्ष्य को पाने में सफल होंगे।

# सैलून संचालक ने युवती से की छेड़छाड़ लोगों ने आरोपी की दुकान में की तोड़फोड़

देहरादून। देहरादून जिले के नुंनावाला, भानियावाला में शाम करीब सवा सात बजे पुरानी हरिद्वार रोड स्थित एक विशेष समुदाय के सैलून संचालक ने सैलून के अंदर क्षेत्र की एक युवती के साथ छेड़खानी कर दी। युवती ने सैलून से बाहर निकलकर लोगों को जानकारी दी। अपने ऑफिस के बाहर खड़े भाजपा नेता संजीव सैनी भी युवती के पास पहुंचे। जिसके बाद वहां हंगामा खड़ा हो गया। सूचना पाकर अन्य भाजपा नेता और हिंदू संगठन के लोग मौके पर पहुंचे। कुछ लोगों ने आरोपी युवक की पिटाई और सैलून में तोड़फोड़ भी की। इसी बीच आरोपी युवक व अन्य आरोपी मौके से फरार हो गए। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने फरार तीन युवकों को पकड़ा। जिसमें से एक युवक गन्ने के खेत में छिपा हुआ था। चौकी इंचार्ज सुमित चौधरी ने कहा कि युवती की पिता की तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया जा रहा है। इस



अवसर पर सुखदेव चौहान, संपूर्ण सिंह रावत, रविंदर बेलवाल, आनंद पवार, दिगंबर नेगी, भारत मनचंदा, कमल रावत, कुन्ना चौहान, उपेंद्र रावत, नरेंद्र नेगी आदि उपस्थित रहे। भाजपा नेता संजीव सैनी और संपूर्ण रावत ने कहा कि शुक्रवार को एक महापंचायत की जाएगी। जिसमें बाहरी व्यक्तियों को किराये पर दुकान न देने की अपील की जाएगी। वहीं जिन लोगों ने विशेष समुदाय के लोगों को मकान व दुकान किराये पर दी है। उन्हें दुकानें व मकान खाली करने को कहा जाएगा।

# उत्तराखंड मदरसा बोर्ड को भंग करने की सिफारिश

देहरादून। राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग ने उत्तराखंड मदरसा बोर्ड को भंग करने की सिफारिश की है। आयोग ने पत्र में कहा कि बच्चों के मौलिक अधिकार व अल्पसंख्यक समुदायों के अधिकार के बीच विरोधाभासी तस्वीर बनाई गई है। केवल धार्मिक संस्थानों में जाने वाले बच्चों को आरटीई अधिनियम 2009 के तहत औपचारिक शिक्षा प्रणाली से बाहर रखा गया, जबकि अनुच्छेद 29 और 30 अल्पसंख्यक अधिकारों की रक्षा करते हैं। कहा, यह सुनिश्चित करना सरकार का कर्तव्य है कि बच्चों को औपचारिक शिक्षा मिले। केवल बोर्ड का गठन या यूडीआईएसई कोड लेने का मतलब यह नहीं कि मदरसे आरटीई अधिनियम 2009 का पालन कर रहे हैं। इसलिए यह सिफारिश की गई कि मदरसों और मदरसा बोर्ड को राज्य की ओर से मिल रहा वित्त पोषण बंद कर मदरसा बोर्ड बंद कर देना चाहिए। कहा है कि सभी गैर-मुस्लिम बच्चों को मदरसों से निकाल विद्यालयों में भर्ती कराएं। मुस्लिम समुदाय के बच्चे जो मदरसों में पढ़ रहे, चाहे वे मान्यता प्राप्त हों या गैर-मान्यता प्राप्त, उन्हें औपचारिक स्कूलों में भिजवाएं। प्रदेश के 30 मदरसों में 749 गैर मुस्लिम बच्चे पढ़ रहे हैं। राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग के अध्यक्ष प्रियंक कानूनगो ने बीती मई में देहरादून के कुछ मदरसों के निरीक्षण में कई खामियां पाई थीं।

# नारी निकेतन से 23 महिलाओं को उनके बिछड़े परिवार से मिलाया

देहरादून(उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देशों पर महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास विभाग के अधीन देहरादून के केदारपुरम में संचालित नारी निकेतन में रह रही निराश्रित महिलाओं को परिवार से मिलाने के लिए फैमिली रीयूनियन प्रोग्राम चलाया जा रहा है। सरकार की यह पहल नारी निकेतन में रह रही अनेक निराश्रितों के जीवन में रंग भरने का काम कर रही है। सरकार की ओर से चलाई जा रही फैमिली रीयूनियन प्रोग्राम के तहत अब तक 23 महिलाओं को उनके बिछड़े परिवार से मिलाया जा चुका है। इस प्रोग्राम के तहत देश के विभिन्न राज्यों में ही नहीं, बल्कि नेपाल, बांग्लादेश तक इन महिलाओं के बिछड़े परिवारों की तलाश की जा चुकी है। इसमें बांग्लादेश की नूरजहां को 32 साल बाद अपना परिवार मिल पाया है। इसी तरह रांची, झारखंड की रहने वाली जूनी टोपो भी 30 साल बाद अपने परिवार से मिल पाई है। प्रोग्राम के तहत ना सिर्फ निराश्रित महिलाओं की घर वापसी कराई जाती है, बल्कि इसके बाद भी इनकी सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए, एक नेटवर्क तैयार किया जाता है। इस तरह सरकार सुनिश्चित करती है कि कई सालों के बाद परिवार से मिलने के बावजूद महिलाओं का जीवन सुरक्षित बना रहे। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि नारी निकेतन निराश्रित महिलाओं को सुरक्षित आश्रय देता है, लेकिन यह बात प्रमाणित है कि हर इंसान अपने परिवार के बीच ही खुश रह सकता है। इसलिए सरकार का प्रयास है कि यहां रह रही सभी महिलाओं को उनके परिवार से मिलाया जाए। इसके लिए चलाए जा रहे फैमिली रीयूनियन प्रोग्राम ने अच्छे परिणाम दिए हैं। सरकार यहां रह रही महिलाओं को कौशल विकास का भी प्रशिक्षण प्रदान कर रही है।

# वॉर्निंग के बाद भी लोनिवि ने नहीं भरे सड़कों में गड्ढे, सीएम धामी नाराज

देहरादून। सीएम धामी ने प्रदेश की सड़कों को 15 अक्टूबर तक गड्ढा मुक्त करने के निर्देश दिए थे। लकिन 15 अक्टूबर की तारीख बीत जाने के बाद भी प्रदेश की सड़कों पर गड्ढे हैं। जिस पर सीएम धामी ने नाराजगी जताई है। तय समय में सड़कों के गड्ढे नहीं भरने के बाद सीएम ने अब इन्हें भरने के लिए 15 दिन का और समय दिया है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने लोक निर्माण विभाग को समय दिया था कि 15 अक्टूबर तक प्रदेश की सभी सड़कों के गड्ढे भर दिए जाएं। लेकिन 15 अक्टूबर बीतने के बाद भी प्रदेश में 536 किलोमीटर सड़कों में अभी तक पैच वर्क पूरा नहीं हो पाया। मुख्यमंत्री पुष्कर धामी ने इस मामले में नाराजगी व्यक्त की है और उन्होंने अगले 15 दिन यानी 31 अक्टूबर तक लोक निर्माण विभाग को प्रदेश की सभी सड़कों में पैच वर्क



पूरा करने के निर्देश दिए हैं। उत्तराखंड में 2429.56 किलोमीटर सड़क में पैच वर्क पूरा होना था। अभी तक प्रदेश में 2316.46 किलोमीटर सड़क पर ही पेचवर्क पूरा हो पाया। देहरादून में सबसे ज्यादा 96.25% कार्य पूरा हुआ। लेकिन हल्द्वानी में 63.80 प्रतिशत पैच वर्क ही पूरा हो पाया है। उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत ने इस मामले पर सरकार से चुटकी लेते हुए कहा है कि प्रदेश में नहीं ये नहीं पता चला कि गड्ढों में सड़क है या सड़क में गड्ढे हैं। प्रदेश की सड़कों की हालत बहुत खराब है। गड्ढा मुक्त सड़कों को लेकर कांग्रेस ने सरकार पर तंज कसा है। उत्तराखंड कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष और वरिष्ठ विधायक प्रीतम सिंह ने कहा है की लोक निर्माण विभाग मंत्री सतपाल महाराज गड्ढा मुक्त एप लाए थे। उसे कितना फायदा हुआ ये महाराज ही जानते होंगे। सड़कों की हालत किसी से भी छिपी नहीं है।

# होटल और ढाबों में दून पुलिस की ताबड़तोड़ छापामारी,135 प्रतिष्ठानों में काटे चालान

देहरादून(उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देश के बाद देहरादून पुलिस एक्शन में आ गई है। एसएसपी अजय सिंह देहरादून ने सड़क किनारे स्थित होटल, ढाबों, रेस्टोरेंटों, फूड स्टालों और फूड वैनों पर छापा मारा। इस दौरान पुलिस ने गंदगी मिलने पर 135 संचालकों के चालान काटे। मसूरी में चाय में थूकने की घटना के बाद सीएम धामी ने बीते दिनों पहले खाद्य पदार्थ को दूषित करने वालों के खिलाफ सख्त कार्यवाही के निर्देश दिए थे। बुधवार को एसएसपी ने दून में स्थित होटल, ढाबों और फूड



स्टालों में छापा मारा। इसके साथ ही वहां काम करने वाले कर्मियों का सत्यापन किया। पुलिस ने साफ-सफाई, सुरक्षा व्यवस्था और गुणवत्ता परीक्षण को देखते हुए प्रतिष्ठानों के किचन एरिया को चैक किया। चौकिंग के दौरान होटल, ढाबों, रेस्टोरेंटों में सीसीटीवी कैमरे लगाने के निर्देश दिए. ताकि किसी भी प्रकार की शिकायत मिलती है तो वहां मौजूद सीसीटीवी फुटेजों को चेक किया जा सके. बता दें पुलिस ने 1047 से अधिक प्रतिष्ठान चेक किया। इस दौरान 135 प्रतिष्ठानों में गंदगी मिली. उक्त के पुलिस ने चालान काटे हैं। इसके साथ ही 127 व्यक्तियों का सत्यापन नहीं कराए जाने पर थाने लाकर सत्यापन करवाया गया।

# केदारनाथ उपचुनाव के लिए कल पहुंचेंगे कांग्रेस के पर्यवेक्षक

## घबराई हुई भाजपा सरकार ने लगाई घोषणाओं की झड़ी: दसौनी

देहरादून(उद संवाददाता)। उत्तराखंड में केदारनाथ विधानसभा सीट पर होने वाले उपचुनाव का शंखनाद हो चुका है। जिसके बाद दोनों ही दिग्गज पार्टियों के बीच आरोप प्रत्यारोप का सिलसिला भी जारी हो गया है। कांग्रेस ने गुटबाजी और अंतर्कलह की घटना को नकारते हुए कहा की भाजपा को जब भी अपनी हार का आभास होता है तो वह ऐसे परपंच रचती है। गुरुवार को कांग्रेस की मुख्य प्रवक्ता गरिमा मेहरा दसौनी ने प्रेस वार्ता कर कांग्रेस में गुटबाजी की खबरों को सिरे से नकारते हुए कहा की मीडिया में दिखाई जा रही और छप रही खबरें भाजपा का षड्यंत्र है। भाजपा जानती है कि केदारनाथ उपचुनाव उनके लिए चुनौतीपूर्ण है। इसीलिए सरकारी खर्च पर कई मंत्रियों को दौड़ा रहे हैं। उससे भी बात बनती नहीं दिखी तो मुख्यमंत्री ने चुनावी पुलाव के रूप में घोषणाओं की झड़ी लगा दी। गरिमा मेहरा दसौनी ने कहा कि जब भाजपा पांच कैबिनेट मंत्रियों को केदारनाथ चुनाव का प्रभार देती है तो किसी को कोई परेशानी नहीं




होती। वहीं कांग्रेस यदि अपने पर्यवेक्षकों की संख्या 2 से 4 कर देती है तो उसे गुटबाजी और अंतर्कलह का नाम दे दिया जाता है। दसौनी ने कहा कि कांग्रेस के पर्यवेक्षक 19 अक्टूबर को एक साथ केदारनाथ पहुंचेंगे ओर संभावित प्रत्याशियों का पैनल तैयार करेंगे। दसौनी ने कहा 2012 में केदारनाथ की जनता ने जहां कांग्रेस प्रत्याशी को अपना विधायक चुना। वहीं 2017 में भाजपा की 57 की सुनामी में भी कांग्रेस की सरकार गिराने का महापाप करने पर केदारनाथ की जनता ने भाजपा प्रत्याशी को सबक सिखाते हुए कांग्रेस के प्रत्याशी को चुना। इन सब बातों से साबित होता है कि केदारनाथ विधानसभा की जनता अपने विवेक से निर्णय करती है, वह ना घोषणाओं के लालच में आती है और ना ही भारी मंत्रियों की उपस्थिति उन्हें प्रभावित कर सकती है। कांग्रेस प्रवक्ता दसौनी ने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि केदारनाथ की जनता चार धाम की अव्यवस्थाओं और हालिया आपदा के दौरान अनदेखी से नाराज है। गरिमा ने कहा की केदारनाथ से चुनी हुई विधायक के अंतिम संस्कार में शामिल न होकर मुख्यमंत्री ने केदारनाथ की जनता का अपमान किया और उसी दिन दिल्ली के बौराड़ी में केदारनाथ धाम के ही नाम से एक प्रतीकात्मक मंदिर का शिलान्यास करने का पाप किया। उस जख्म को केदारनाथ की जनता आज तक नहीं भूल पाई है।

# धार्मिक पर्यटन के रूप में अपनी अलग पहचान बना चुका है केदारनाथ धाम

हल्द्वानी। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने हल्द्वानी के सर्किट हाऊस में पत्रकारों से बातचीत की। इस दौरान उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में केदारनाथ के पुनर्निर्माण में लगातार तेजी आई है। पूरे देश में केदारनाथ धार्मिक पर्यटन के रूप में अपनी एक अलग पहचान बन चुका है। 20 नंबर को होने वाले उपचुनाव में भाजपा बड़े अंतर से चुनाव जीतेगी। उन्होंने कांग्रेस पर आरोप लगाते हुए कहा कांग्रेस ने हमेशा से तुष्टिकरण और लोगों को बांटने की राजनीति की है। केदारनाथ की जनता समझदार है और वह उपचुनाव में कांग्रेस पार्टी को सबक सिखाने का काम करेगी और भारी मतों से भाजपा के प्रत्याशी की जीत होगी। इस दौरान सीएम धामी ने फसलों की एमएसपी



में वृद्धि करने के लिए पीएम मोदी का आभार व्यक्त किया। कहा कि यह निर्णय देश के किसानों के लिए दिवाली का उपहार है। किसानों की आर्थिक उन्नति, समृद्धि का आधार बनेगा। इस निर्णय से कृषि क्षेत्र के समग्र विकास को गति मिलेगी।

# पंडित नारायण दत्त तिवारी को किया नमन

किच्छा(उद संवाददाता)। विधायक तिलक राज बेहड़ ने अपने किच्छा आवास विकास स्थित कार्यालय में उत्तर प्रदेश व उत्तराखंड के भूतपूर्व मुख्यमंत्री, विकास पुरुष के नाम से विख्यात नारायण दत्त तिवारी की जन्म जयंती एवं



पुण्यतिथि पर समस्त क्षेत्रवासियों एवं पार्टी के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्त्ताओं के साथ उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इस मौके पर श्री बेहड ने कहा की पंडित नारायण दत्त तिवारी के उत्तराखंड के मुख्यमंत्री रहने पर उनके कार्यकाल मैं स्वास्थ्य मंत्री रहा और उनके साथ काम करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ एवं राजनीतिज्ञ विषय में उनसे बहुत कुछ जाना एवं सीखा। स्वर्गीय नारायण दत्त तिवारी जिनको हम विकास पुरुष के नाम से जानते है उनके समय में उत्तरप्रदेश और उत्तराखंड में अनेकों विकास योजनायें लायी गयी जो आज भी मील का पत्थर साबित हो रही है द्य प्रदेश व देश हित में उनका योगदान सदैव याद रखा जाएगा। उपस्थित सभी कांग्रेसजनों ने स्वर्गीय नारायण दत्त तिवारी के चित्र पर पुष्प अर्पित किये और उनके पद चिन्हों पर चलने का और देश सेवा करने का प्रण लिया। इस मौके पर किच्छा कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी, ब्लॉक अध्यक्ष गुड्डू तिवारी निवर्तमान पालिका अध्यक्ष दर्शन कोली,ओमप्रकाश दुआ,मेजर सिंह ,गुलशन सिन्धी,दलीप सिंह बिष्ट, लियाकत अंसारी, मिसबाउल कुरेशी, सुनीता कश्यप गिरीश चिटकारा, जीवन जोशी, हरभजन सिंह,गुरचरण सिंह चन्नी, अशोक मित्रा,छोटे लाल कोली, त्रिपतपाल सिंह,इ न्तजार मलिक,नितिन शर्मा, एन यू खान,ताहिर मलिक, फजील खान, नितिन शर्मा,गुरप्रीत पोल्ला,नासिर खान,नंदलाल,धर्मेंद्र सिंधी, दलजीत कक्कड़ देवकीनंदन, शानू मालिक ,संदीप अरोरा,रिजवान निक्की, सोनी सिंह आदि लोग उपस्थित रहे।

# ट्रैफिक पुलिस ने की बीमार बच्चे की मदद

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। ट्रैफिक पुलिस ने करीब दो माह से गंभीर रूप से बीमार बच्चे की आर्थिक मदद कर आपसी सहयोग से उसे 22500 रूपये की आर्थिक मदद कर समाज में एक अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत किया है।



उसके उपचार में सहयोग किया है। किच्छा मार्ग स्थित दूधिया नगर निवासी मोनू कश्यप ने बताया कि उनका 6 वर्षीय पुत्र प्रिंस पिछले करीब दो माह से बीमार है। उसके सिर में पानी भर गया था। पूर्व में भी उसकी तीन बार ऑपरेशन हो चुके हैं। लेकिन कोई विशेष फयदा नहीं हुआ। अब उसे फिर से उपचार के लिए चिकित्सालय भर्ती कराया गया है। परंतु आर्थिक परेशानियों के कारण वह पुत्र की सही उपचार नहीं करवा पा रहा है। उसने बताया कि ट्रैफिक पुलिस ने जिसके लिए वह हमेशा ट्रैफिक पुलिस का आभारी रहेगा। मदद करने वालों में नरेन्द्र आर्य, धनपाल सिंह, चंदन बिष्ट, कमल जंतवाल, इन्दर भंडारी, कांता अग्रवाल, नवीन नेगी, रविन्द्र सिंह, नन्दन गोस्वामी, जितेन्द्र तिवारी, शहनाज, मनोज रावत, सुरेश पाल, दीपा रौथाड़, राजेन्द्र प्रसाद, वसुंधरा शाही, रोहित कुमतार, सुमन वर्मा, संतोष कुमार, भरत सिंह भंडारी, नीमा बिष्ट, नरेन्द्र प्रसाद, कैलाश सिंह, दिनेश कापड़ी, हेम चन्द्र, जीवन कुमार, विजेन्द्र वुगला व शंकर भाकुनी आदि शामिल हैं।






# अंचल स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता आयोजित

नानकमत्ता(उद संवाददाता)। एकल अभियान के तहत अंचल खटीमा में अभ्युदय यूथ क्लब के तत्वाधान में आयोजित अंचल स्तरीय खेलकूद समारोह का नोजगे पब्लिक स्कूल में मुख्य अतिथि श्रीमान अजय मेहता जी प्रबंधक ईस्टर इंडिया लिमिटेड खटीमा,अंचल अध्यक्ष उमेश अग्रवाल,विशिष्ट अतिथि गण प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य रामू जोशी, पूर्व मंडी चेयरमैन नंदन सिंह खड़ायत , सतीश भट्ट ,दिनेश अग्रवाल द्वारा संयुक्त रूप से उद्घाटन किया गया । एकल अभियान पांच शिक्षाओं के साथ-साथ खेलों को भी बढ़ावा दे रहा है और देश के एक लाख गांव के में खेल प्रतियोगिता का आयोजन इसी प्रकार किया जा रहा है इस प्रतियोगिता में आंचल की नानकमत्ता, सितारगंज, शक्ति फार्म, किच्छा,बग्गा 54,टनकपुर ,मेला घाट बेरिया मझोला की टीमों में भाग लिया।प्रतियोगिता में लंबी कूद, दौड़ ,कबड्डी,कुश्ती आदि खेलों का आयोजन हुआ इस अवसर पर नोजगे स्कूल की एम डी हैप्पी,शांति पांडे ,स्वाति गुप्ता , संभाग प्राथमिक शिक्षा प्रभारी श्रीमान संतोष मिश्रा ,लायंस क्लब अध्यक्ष जी डी जोशी , नवीन बोरा ,नरेश गुप्ता, ठाकुर जितेंद्र सिंह,गीता गोस्वामी , सुनील रैदानी , मंजू गोयल , कमला चंद,वीरेंद्र राय , ममता कोरंगा , निशा भंडारी आदि मौजूद थे।



# नवोदय विद्यालय में जागरूकता कार्यशाला आयोजित

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। जवाहर नवोदय विद्यालय पीएम श्री स्कूल रुद्रपुर में जिलाधिकारी उदयराज सिंह के निर्देशों के क्रम में महिला कल्याण विभाग द्वारा जागरूकता कार्यशाला आयोजित की गई। जिसमें बाल कल्याण समिति से सदस्य पुष्पा पानू, चाइल्डहेल्प लाइन से कोर्डिनेटर चांदनी रावत और केस वर्कर गोविन्द सिंह पांगती, पुलिस विभाग से एसआई नेहा राणा और कांस्टेबल पूजा, स्वास्थ्य विभाग से कॉउंसलर संजय रावत व दशमेश कौर द्वारा जागरूकता अभियान चलाया गया। जिसमें बाल कल्याण समिति, किशोर न्याय बोर्ड का उद्देश्य, बाल अधिकार, किशोर अवस्था मे होने वाले परिवर्तन और पॉक्सोअधिनियम, गुड टच बेड टच बाल विवाह स्पोन्सरशिप योजना के लाभ, चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098 तथा पुलिस हेल्पलाइन नंबर 112 की विस्तारपूर्वक जानकारी छात्रों को दी गयी तथा प्रचार और प्रसार के लिये पम्पलेट बाटें गए और इस अभियान में विद्यालय के सहायक प्रधानाचार्य पीके विद्यार्थी और समस्त शिक्षिक वर्ग शामिल थे । अध्यापिकाओ का कहना था सभी बच्चों को इसकी जानकारी होनी चाहिए दुबारा से जागरूकता शिविर लगाने के लिए अनुरोध किया गया तो उन्हें जल्दी ही शिविर लगाने का आश्वासन दिया गया। इस अभियान में 300 छात्र छात्राये उपस्थित थे।



# शतरंज प्रतियोगिता में दूसरे दिन हुए रोमांचक मुकाबले

किच्छा। 18 वीं राज्य स्तरीय अंडर 15 शतरंज प्रतियोगिता में दूसरे दिन तीसरे राउंड के बाद सदभव रौतेला बागेश्वर ने उधम सिंह नगर के श्रेयांश साहु को हराकर 3अंक, नैनीताल के अतीक सिंह जीना ने देहरादून की शेरली पटनायक को हराकर तीन अंक बढ़त बना रखी है जबकि हल्द्वानी के हर्षदीप सिंह ने उधम सिंह नगर के भाव अरोड़ा को हराकर तीन अंक प्प्राप्त कर बढ़त बनाई हुई है देहरादून के अवनीत सिंह ने शेखर त्रिपाठी जबकि अरमान सिंह बक्शी देहरादून ने वेदांश कुकरेती देहरादून को हराकर दो अंक प्राप्त कर बढ़त बनाई हुई है। सक्षम दर्शन नैनीताल ने नैनीताल के साथ ड्रॉप खेल के डेढ़ डेढ़ अंक प्राप्त किए हैं। तेजस तिवारी नैनीताल ने देहरादून के शांतनु रौतेला को हराकर दो अंक प्राप्त किये। नैनीताल के दुर्वांश भट्ट ने रुद्रांश मौर्य हरिद्वार को हराकर दो अंक प्राप्त किए हैं। शुभम महेश्वरी देहरादून में विवान गोयंका उधम सिंह नगर को हराकर दो अंक प्राप्त किये। प्रखर सक्सैना उधम सिंह नगर ने नैनीताल के तक्षम शाह को हराकर दो अंक प्राप्त किये। अमोक पांडेय नैनीताल ने सौम्या अरोड़ा नैनीताल को हरा कर दो अंक प्राप्त किये। विशेष पांडे नैनीताल ने अक्षय गुप्ता नैनीताल को हराकर डेढ़ अंक प्राप्त किये। ऋषभ पांडे नैनीताल में शमकता गुप्ता उधम सिंह नगर को एक अंक प्राप्त किया। आनंद अरोड़ा उधम सिंह नगर आधे आधे अंक की बनाए हुए है।



# महिलाओं को कांग्रेस से जोड़ने का अभियान जारी

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। उत्तराखंड प्रदेश महिला कांग्रेस कमेटी की पूर्व वरिष्ठ उपाध्यक्ष मीना शर्मा ने कहा है कि अखिल भारतीय महिला कांग्रेस कमेटी की राष्ट्रीय अध्यक्ष अलका लांबा के निर्देशानुसार पूरे देश भर में चल रहे डिजिटल सदस्यता अभियान के अंतर्गत पिछले एक माह में वह रुद्रपुर विधानसभा में तकरीबन 1000 से भी अधिक महिलाओं से मिल चुकी है, जिसमें बड़ी संख्या में महिलाओं ने महिला कांग्रेस की डिजिटल सदस्यता ग्रहण की है। उन्होंने कहा कि वह पिछले एक माह से लगातार घर घर जाकर और ग्रामीण क्षेत्र में भी गांव-गांव जाकर महिलाओं को अखिल भारतीय महिला कांग्रेस से जुड़ने का आवाहन कर रही है,इसमें बड़ी संख्या में महिलाएं सामान्य रूप से महिला कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण कर रही है, वहीं सैकड़ो महिलाओं ने महिला कांग्रेस की डिजिटल सदस्यता भी ग्रहण की है, जिसके लिए वह सभी



महिलाओं का दिल से आभार व्यक्त करती है। इधर श्रीमती शर्मा गांधी कॉलोनी स्थित कांग्रेस नेता अरशद खान के आवास पर पहुंची, जहां उन्होंने महिलाओं को डिजिटल सदस्यता ग्रहण कराई। बाद में श्रीमती शर्मा खेड़ा स्थित कांग्रेस नेता डॉक्टर शाहिद खान के भी आवास पर पहुंची, जहां उन्होंने बड़ी संख्या में महिलाओं को, महिला कांग्रेस की डिजिटल सदस्यता ग्रहण कराई। इधर श्रीमती शर्मा, ट्रांजिट कैंप स्थित नारायण कॉलोनी में कांग्रेस नेता दिनेश मौर्य के आवास पर भी पहुंची, जहां उन्होंने महिलाओं को डिजिटल सदस्यता ग्रहण कराई, इसी दौरान श्रीमती शर्मा सीरगोटिया भी गई, जहां उन्होंने कांग्रेस नेता रिजवान अहमद, लाला के आवास पर पहुंचकर महिलाओं को महिला कांग्रेस की डिजिटल सदस्यता ग्रहण कराई। इस अवसर पर कांग्रेस नेता नदीम खान, मोहम्मद इरफान खान, सुहैल खा,अनिल शर्मा सहित बड़ी संख्या में अन्य कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे ।






# चौकी इंचार्ज ने ली व्यापारियों की बैठक

गूलरभोज(उद संवाददाता)। चौकी इंचार्ज विजेंद्र कुमार ने दीपावली के त्यौहार को लेकर व्यापारियों की बैठक ली जिसमें पटाखा लगाने का स्थान और सावधानियों के बारे में बताया । व्यापारी ने भी अपनी समस्याएं रखी । इस अवसर पर व्यापार मंडल अध्यक्ष डॉ कुलदीप रघुवंशी, तरुण दुबे, आनंद सिंह पानू, अमित कुमार गुप्ता, दीपक सिडाना, सुमित बैरागी, दीपक जोशी, रमित अरोड़ा, अजय कुमार आदि मौजूद रहे।






# ढाई साल की योगिता को आँगन से उठा ले गया गुलदार

## कुछ दूरी पर मृत अवस्था में मिला मासूम का शव, लोगों में दहशत का माहौल

बागेश्वर(उद संवाददाता)। धरमघर रेंज के अंतर्गत सानिउडियार के ठांगा गाँव में दादी की गोद में खेल कर आँगन में अपनी माता के घास काटकर घर आने की राह देख रही मासूम को क्या पता कि आँगन में ही यमराज काल बनकर बैठा है, किसी को भी ऐसा अहसास नहीं कि रात होने से पहले ही घर के पास अनहोनी होगी, पर ठाँगा गाँव में घर में आँगन में टहल रही ढाई साल की मासूम कोअचानक घात लगाकर बैठे गुलदार ने पलक झपकते ही चंद सेकेंड में अपना निवाला बना दिया,वहीं घटना के बाद परिजन सदमे में है, पहली बार रात होने से पहले गुलदार द्वारा घर पर ही एक मासूम को अपना निवाला बना देने कि सूचना के बाद गाँव में सन्नाटा छा गया, हर कोई घटना से हैरान और सदमे में आ गया। वहीं घटना के बाद क्षेत्र में दहशत व्याप्त है।जिसके बाद मामले कि सूचना पुलिस और वन विभाग को दी गई, सूचना मिलते ही वन विभाग व कांडा पुलिस मौके पर पहुंच चुकी है। मौके पर पहुंचीवन विभाग कि टीम को ग्रामीणों के आक्रोश का सामना करना पड़ा।जानकारी के



अनुसार सानिउडियार क्षेत्र में ठांगा ग्राम पंचायत के औलानी निवासी योगिता की माता व दादी अपनेघास क्षेत्र में घास काट रहे थे तथा आंगन में ढाई वर्षीय योगिता पुत्री रवि उप्रेती खेल रही थी, और शाम होने पर अपनी माता के घर लौटने कि राह देख रही थी, तभीजैसे ही आँगन में नन्ही बच्ची खेल कर रही थी, तभी घात लगाकर बैठा गुलदार उस पर झपट गया तथा योगिता को निवाला बना लिया। योगिता को मुँह में दबोचे हुए घसीटते हुए जंगल कि तरफ ले गया, तभी बच्ची पर अचानक गुलदार के हमले के बाद परिजनों ने चिंखपुकार शुरू कर दी और जिस तरफ बच्ची को गुलदार उठा ले गया था उस ओर भागे, ओर परिजनों ने बच्ची को बचाने के लिए कोशिशे कि पर परिजन उसे नहीं बचा पाए,वहीं घटना के बाद नन्ही योगिता की खोजबीन प्रारंभ की ग्रामीणों को योगिता का शव घर से लगभग 50 मीटर दूर झाड़ियों में मिला। वहीं घटना कि सूचना मिलने पर घास काटकर घर लौटी मां व दादी कुछ समझ नहीं सकी तथा माँ ओर दादी नन्ही योगिता के बारे में पूछने लगे, जब उन्हें घटना का पता लगा वे बेसुध हो गई। ग्रामीणों की सूचना मिलते ही धरमघर के वन क्षेत्राधिकारी प्रदीप कांडपाल समेत कांडा के थानाध्यक्ष खुशवंत सिंह अपनी अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे। मौके पर तत्काल पहुंची वन विभाग की टीम को ग्रामीणों के आक्रोष का सामना करना पड़ा। ग्रामीणों ने वन विभाग पर उपेक्षा ओर लम्बे समय से क्षेत्र में जंगली जानवरों का आतंक होने और कोई भी कार्रवाई नहीं होने पर नाराजगी जताई। और शीघ्र आतंक का पर्याय बन रहे गुलदार को पकड़ कर मारने कि गुहार लगाई, साथ ही जल्द गुलदार को नहीं पकड़ने पर आंदोलन कि चेतावनी दी। इस दौरान ग्रामीण पंकज सिंह, महिपाल सिंह, प्रकाश उप्रेती, अजय उप्रेती, पार्वती, सरिता आदि ने कहा कि क्षेत्र में लंबे समय से गुलदार का आतंक बना हुआ है।ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र गुलदार को मारने के आदेश नहीं दिए तो ग्रामीण उग्र आंदोलन को बाध्य होंगे।

## गुलदार को ट्रेंकुलाइज करने पिंजरा लेकर वन विभाग की टीम रवाना

बागेश्वर। घटना के तुरंत बाद प्रभागीय वनाधिकारी ने घटना कि जानकारी देते हुए उच्चाधिकारियों से गुलदार को पकड़ने व ट्रेंकुलाइज करने की अनुमति ले ली है। प्रभागीय वनाधिकारी ध्रुव सिंह मर्तोलिया ने बताया कि घटना के बादगाँव में चार अलग अलग टीमें भेजी गई है जो गाँव पहुंच चुकी है। टीम में गुलदार को बेहोश करने के लिए पशु चिकित्सक व पिंजरा लेकर टीम मौके पर पहुंच चुकी है। बताया कि शव का पोस्टमार्टम करने के बाद परिजनों को मुआवजा प्रदान किया जाएगा। सानिउडियार क्षेत्र के औलानी गांव में मासूम को



गुलदार के निवाला बनाने के बाद जनपद में शोक की लहर फैल गई है। घटना पर जिपं अध्यक्ष बसंती देव, विधायक पार्वती दास व सुरेश गड़िया, दर्जा राज्य मंत्री शिव सिह बिष्ट समेत जिलाधिकारी आशीष भटगांई, पूर्व विधायक ललित फर्शवाण, पूर्व केबिनेट मंत्री बलवंत सिंह भौर्याल और प्रभागीय वनाधिकारी ध्रुव सिंह मर्तोलिया, पुलिस अधीक्षक चंद्रशेखर घोड़के, एसडीएम मोनिका आदि ने गहरा शोक व्यक्त किया है, वहीं अब जिला प्रशासन और वन विभाग जल्द आतंक का पर्याय बन रहे गुलदार को पकड़ने में जुट गया है।

# गुलदार ने किशोर को बनाया शिकार, दो लोग घायल

नानकमत्ता/रानीखेत । कुमाऊं में वन्यजीवों का आतंक थम नहीं रहा है। गुलदारों के हमले की तीन घटनाओं में दो बच्चों की मौत हो गई, जबकि क्षेत्र पंचायत सदस्य समेत दो लोग घायल हो गए। ऊधमसिंह नगर के नानकमत्ता क्षेत्र में रनसाली रेंज के प्लाट संख्या चार के समीप ग्राम बिचवा भूड़ निवासी कुलविंदर सिंह उर्फ किंदा खेती-बाड़ी करते हैं। बृहस्पतिवार दोपहर एक बजे उनका 13 वर्षीय बेटा गुरप्रीत सिंह उर्फ गोपी घर के आंगन में लगे नल में हाथ धो रहा था। तभी गन्ने के खेत से निकला गुलदार गोपी की गर्दन पकड़कर खींच ले गया। माता-पिता और परिजनों के शोर मचाने पर आसपास काम कर रहे ग्रामीण खेत की ओर दौड़ पड़े। इस पर गुलदार जंगल में भाग गया। गंभीर रूप से घायल गोपी को सितारगंज उपजिला अस्पताल ले गए, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। डॉ. रविंद्र सिंह ने बताया कि किशोर के गले की नलियां फट गई थीं, जिससे ज्यादा रक्त बह गया। घटना से मां मनजीत कौर, छोटे भाई अर्शदीप सिंह व लवप्रीत सिंह व अन्य परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। गोपी ग्राम बिचवा स्थित राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय में कक्षा छह का छात्र था। उसके दोनों छोटे भाई हर्षदीप व लवप्रीत भी इसी विद्यालय में पढ़ते हैं। बृहस्पतिवार को वाल्मीकि जयंती के उपलक्ष्य में अवकाश के चलते तीनों भाई घर पर ही थे। इधर, बागेश्वर जिले की कांडा तहसील धरमघर वन रेंज के औलानी गांव निवासी रवि उप्रेती की तीन वर्षीय बेटी योगिता उर्फ भूमिका बृहस्पतिवार शाम करीब छह बजे अपनी दादी कला उप्रेती के साथ खेल रही थी। साथ ही उसका छोटा भाई शौर्य भी था। तभी तेंदुए ने हमला कर दिया और योगिता को उठा ले गया। परिजन और ग्रामीणों शोर मचाते हुए दौड़े तो गुलदार बच्ची को कुछ दूरी पर छोड़कर जंगल की ओर भाग गया, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। ग्राम प्रधान गीता देवी ने बताया कि तेंदुए ने मासूम के गले व सिर पर गहरे जख्म कर दिए थे। ग्रामीणों ने तेंदुए को जल्द पकड़ने की मांग की है।



# जयंती पर महर्षि वाल्मीकि को किया नमन

गदरपुर (उद संवाददाता)।वार्ड नंबर 4 में स्थित महर्षि वाल्मीकि मंदिर में महर्षि वाल्मीकि जी की जयंती पर पूर्व जिला अध्यक्ष अनुसूचित मोर्चा अश्वनी कुमार द्वारा आयोजित कार्यक्रम में पूर्व केंद्रीय रक्षा एवं पर्यटन राज्य मंत्री और नैनीताल उधम सिंह नगर लोकसभा सीट से सांसद अजय भट्ट और भाजपा जिला अध्यक्ष गुंजन सुखीजा अपने साथियों के साथ पहुंचे और महर्षि वाल्मीकि जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके उपरांत मंदिर प्रांगण में आयोजित सभा को संबोधित करते हुए सांसद अजय भट्ट ने कहा कि महर्षि वाल्मीकि जी जैसे महाकवि भारतवासी रहे यह हम सबके लिए एक गर्व की बात है और वाल्मीकि समाज जिस प्रकार समाज सेवा के काम करता है वह उन्हें समाज में एक अलग पहचान देता है । भाजपा जिला अध्यक्ष गुंजन सुखीजा ने कहा कि महर्षि



वाल्मीकि जी की रचनाओं में से एक रचना जो हमारे लिए एक महाकाव्य है और पूजनीय भी। रामायण से हम बहुत कुछ सीखते हैं और आने वाली पीढ़ी भी रामायण से मिले हुए आदर्श पर चलकर अपने जीवन को सरल बना सकती हैं और यह केवल महर्षि वाल्मीकि जी की रचना के कारण संभव हुआ है। इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष सुरेश खुराना,किसान मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष नरेश हुड़िआ, डॉक्टर सोनू विश्वास,पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष सुरेश कंबोज ,बाबू सिंह तोमर,राकेश चौधरी,,मनोज कुमार मिंटू एवं मीनाक्षी श्रीवास्तव,कुनाल रस्तोगी सहित वार्डवासी एवं वाल्मीकि समाज के प्रतिनिधिगण उपस्थित रहे।

# एलआईसी के कल्याण अरोरा को तजाकिस्तान में मिला सम्मान

गदरपुर(उद संवाददाता)। एक ऐसा व्यक्तित्व जिसने अपने जीवन के साथ साथ समाज मे जीवन बीमा की अलख जगाकर अपने आप को समाज के प्रति इस प्रकार न्यौछावर कर दिया कि भारत देश मे ही नही बल्कि विदेशों में भी सम्मान के साथ कल्याण दास अरोरा का नाम लिया जाता है। तजाकिस्तान अलमाटी के गालामार्ट मॉल में हेल्थ केयर जीवन बीमा कम्पनी के द्वारा विशेष सम्मान समारोह का भव्य आयोजन किया गया था जहां गदरपुर निवासी एवं जीवन बीमा जगत में अपनी बड़ी पहचान बनाने वाले कल्याण दास अरोरा को बेस्ट इंश्योरेंस एडवाइजर केयर हेल्थ से सम्मानित किया गया।विदेश में आयोजित सम्मान समारोह में उपस्थित लोगों को सम्बोधित करते हुए कल्याण दास अरोरा ने कहा पिछले कुछ सालों में सभी उम्र के लोगों में जीवन शैली से जुड़ी बीमारियों के खतरनाक प्रसार के कारण स्वास्थ्य बीमा का महत्व बढ़ गया है। यहां तक कि एक दिन का अस्पताल में भर्ती होना भी आपकी मेहनत की कमाई गई बचत को पल भर में खत्म कर सकता है । इसलिए, अस्पताल में भर्ती होने का कवर होना बहुत मददगार हो सकता है। केयर हेल्थ इंश्योरेंस से स्वास्थ्य बीमा आपको अस्पताल में भर्ती होने से



सकता है। चिकित्सा उपचार/सहायता प्राप्त करते समय एक व्यापक स्वास्थ्य बीमा पॉलिसी को समझना और उसको उपयोग करना महत्वपूर्ण है।अस्पताल का खर्च आर्थिक रूप से थका देने वाला हो पहले और बाद के खर्चों, एम्बुलेंस शुल्क, डे-केयर प्रक्रियाओं, घरेलू देखभाल खर्चों आदि से बचाता है। इसलिए अपने और अपने परिवार की सुरक्षा के लिए बीमा होना अति आवश्यक है।



# भारतीयम स्कूल में रंगारंग कार्यक्रमों के साथ खेल महोत्सव का समापन

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।भारतीयम इंटरनेशनल स्कूल में प्रतिवर्ष होने वाले खेल महोत्सव स्पर्धा का दो दिवसीय समापन समारोह हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। क्रीडा महोत्सव के अंतर्गत छात्र-छात्राओं द्वारा विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं 4 गुणा 100 मीटर एवं 4 गुणा 200 मीटर में बालिका वर्ग एवं बालक वर्ग के लिए रिले प्रतियोगिता, बालक एवं बालिका वर्ग में 1000 मीटर, 800 मीटर, 400 मीटर और 100 मीटर दौड़ प्रतियोगिता, लंबी कूद प्रतियोगिता, ऊंची कूद प्रतियोगिता, हार्डल दौड़ प्रतियोगिता, शॉट पुट प्रतियोगिता, मनोरंजन दौड़ में बढ़ चढ़कर प्रतिभाग किया गया। स्केटिंग प्रतियोगिता के अंतर्गत अत्यंत शानदार प्रदर्शन करते हुए 7-8 बालक वर्ग में कैरामाइन विंसेन के कर्तव्य प्रथम और कोलंबियन एडवेंचर के उत्कर्ष द्वितीय स्थान पर रहे। वहीं बालिका वर्ग में एस्ट्रो आर्या सदन की यशिका प्रथम स्थान पर और माइटी मार्क्स की महक द्वितीय स्थान पर रही। जबकि 5-6 बालिका वर्ग में कोलंबियन एडवेंचर की वैदेही एवं गीतांजलि क्रमशः प्रथम एवं द्वितीय स्थान पर रही तो बालक वर्ग में भी कोलंबियन एडवेंचर के गुलशन एवं विवान ने क्रमशः प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त कर बाजी मारी। 3-4 बालक वर्ग में माइटी मार्क्स के अविरल ने प्रथम और कोलंबियन हाउस के हरजस ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया जबकि बालिका वर्ग में कोलंबिन हाउस की पिंकी और आरुषिका ने क्रमशः प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त किया। 4 गुणा 100 मीटर वरिष्ठ बालक 11-12 वर्ग रिले प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया कैरेमाइन विंसेन सदन के शिखर सिंह, शिवेंदु गैन, सुजल कुमार और शंकर ने प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान प्राप्त किया कोलंबियन एडवेंचर सदन के भावेश सिंह, जॉन, उदित यादव और देवांश प्रताप सिंह ने 4 गुणा 100 मीटर वरिष्ठ बालक 6-8 वर्ग रिले प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। कोलंबियन एडवेंचर सदन के रुद्र प्रताप, अर्नव अत्री, गुरशान और जगजोत ने। प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान प्राप्त किया माइटी मार्क्स के गुरसिदक सिंह, ध्रुव प्रताप, अमरिंदर सिंह और शिवांश पांडे ने। और बालिका वर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त कर्ता रही कोलंबियन एडवेंचर सदन की गीतांजलि, आद्रा, सिया एवं दमनप्रीत तो द्वितीय स्थान पाया कैरामाइन सदन की नवनीत कौर, सीरत, निकुंज एवं अलीशा ने 1000 मीटर खुली दौड़ प्रतियोगिता के कनिष्ठ बालक वर्ग 6-8 में कोलंबियन एडवेंचर्स के अर्णव अत्री प्रथम और कैरामाइन विंसेन के आदित्य प्रताप ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इसी प्रतियोगिता के बालिका वर्ग में एस्ट्रो आर्या की यशिता प्रथम स्थान और कोलंबियन एडवेंचर्स की गीतांजलि द्वितीय स्थान पर रही। 800 मीटर दौड़ प्रतियोगिता के वरिष्ठ बालक वर्ग 11-12 में कोलंबियन एडवेंचर्स के उदित यादव प्रथम और एस्ट्रो आर्या के अंकित कुमार ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। और बालिका वर्ग में कैरामाइन विंसेन की पिंकी प्रथम स्थान और कोलंबियन एडवेंचर्स की मोहिनी द्वितीय स्थान पर रही। 800 मीटर दौड़ प्रतियोगिता के वरिष्ठ बालक वर्ग 09-10 में कोलंबियन एडवेंचर्स के स्पर्श रोजेरा प्रथम और माइटी मार्क्स के सरबजीत सिंह ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। और बालिका वर्ग में कैरामाइन विंसेन की सिमरन मेहता प्रथम स्थान और माटी मार्क्स की प्रतिभा पतरो द्वितीय स्थान पर रही। 400 मीटर दौड़ प्रतियोगिता के वरिष्ठ बालक वर्ग 11-12 में कैरामाइन विंसेन के शिखर सिंह प्रथम और कोलंबियन एडवेंचर के भावेश सिंह ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इसी प्रतियोगिता के बालिका वर्ग में कैरामाइन विंसेन की तृप्ति सिंह प्रथम स्थान और एस्ट्रो आर्या की दीपा आर्या द्वितीय स्थान पर रही। 400 मीटर दौड़ प्रतियोगिता के वरिष्ठ बालक वर्ग 09-10 में माइटी मार्क्स के कृष्णा कांडपाल प्रथम और कोलंबियन एडवेंचर के स्पर्श रोजेरा ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इसी प्रतियोगिता के बालिका वर्ग में कैरामाइन विंसेन की सिमरन मेहता प्रथम स्थान और कोलंबस एडवेंचर की यश्वी बिष्ट द्वितीय स्थान पर रही। 400 मीटर दौड़ प्रतियोगिता के कनिष्ठ बालिका वर्ग 6-8 में एस्ट्रो आर्या की मनसीरत कौर प्रथम और कोलंबियन एडवेंचर की गीतांजलि कांडपाल ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। समापन के दौरान मुख्य आकर्षण में भारतीयम विद्यालय के अध्यापक-अध्यापिकाओं, अभिभावकों एवं चतुर्थ वर्ग के कर्मचारियों द्वारा की गई दौड़ अत्यंत आकर्षण का केंद्र रही। समारोह का समापन रंगारंग कार्यक्रम के अंतर्गत सांस्कृतिक गायन और नृत्य के साथ समाप्त हुआ। अंत में विभिन्न प्रतियोगिताओं के परिणाम के अनुसार छात्रों में पुरस्कार वितरित किए गए। इस स्पर्धा के विभिन्न खेलों में शानदार प्रदर्शन करते हुए 646 अंकों के साथ कैरामाइन विंसेंट ने प्रथम स्थान प्राप्त कर वाहवाही लूटी। 500 अंकों के साथ कोलंबियन एडवेंचर्स द्वितीय स्थान एवं 432 अंकों के साथ माईटी मार्क्स तृतीय स्थान प्राप्त करने में सफल रहा। हाउस ड्रिल एवं मार्च पास्ट में अत्यंत सुंदर प्रदर्शन करते हुए माईटी मार्क्स ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।हाउस क्राय में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए कोलंबियन एडवेंचर्स सदन के सदस्यों ने प्रथम स्थान पर बाजी मारी।विद्यालय के प्रबंधक राकेश गोयल फाउंडर, भरत गोयल, श्रीमती सरबजीत कौर, मनविंदर सिंह कामरा, गुरजीत सिंह कामरा, श्रीमती स्मृति गोयल फाउंडर, विद्यालय की प्राचार्या श्रीमती रश्मि आनंद और उपप्राचार्य भूपेंद्र सिंह और भारतीयम परिवार के समस्त सदस्यों ने निरंतर खिलाड़ियों के मनोबल को बढ़ावा दिया। विद्यालय प्रबंधक श्री भरत गोयल ने कहा कि खेल मात्र प्रतिभागियों की प्रतिभा को ही नहीं निखारते वरन एक स्वस्थ नागरिकों, स्वस्थ समाज और स्वस्थ राष्ट्र का निर्माण करते हैं। राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।





# महर्षि वाल्मीकि प्रकटोत्सव पर धूमधाम से निकाली शोभा यात्रा

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। महषि वाल्मीकि भगवान के प्रकोत्सव पर वाल्मीकि समाज द्वारा मुख्य नगर मे निकली भव्य शोभयात्रा का क्षेत्रीय विधायक शिव अरोरा ने गाँधी कॉलोनी मे फीता काटकर शुभारम्भ किया। इससे पहले भूतबंगला से शुरू हुई वाल्मीकि भगवान की शोभायात्रा का फीता काटकर शुभारम्भ किया। अखिल भारतीय वाल्मीकि समाज विकास परिषद द्वारा विधायक शिव अरोरा पगड़ी पहनाकर व बड़ी माला का साथ स्वागत किया। मुख्य अतिथि के रूप मे पहुँचे क्षेत्रीय विधायक शिव अरोरा गाँधी कॉलोनी से शुरू हुई शोभायात्रा मे समर्थको संग शामिल हुए। इस अवसर पर विधायक शिव अरोरा ने कहा कि महाकाव्य रामायण के रचयिता भगवान वाल्मीकि जिनको पूरे विश्व मे प्रभु श्री राम के जीवन पर आधारित रामायण की रचना के लिये जाना जाता है जो हमारे वाल्मीकि समाज के आराध्य है आज पूरे भारत मे भगवान वाल्मीकि के प्रकोत्सव के अवसर को पूर्ण आस्था व भक्ति भाव के साथ मनाया जा रहा है तो वही रुद्रपुर मे भी महर्षि वाल्मीकि भगवान के मंदिर आज सजे हुए हैं। भजन आराधना कर उनके जन्मोत्सव को माना रहे हैं। नगर मे निकली शोभायात्रा में सुंदर सुंदर झाकियों के साथ पूरा माहौल भक्तिमय नजर आया। विधायक शिव अरोरा ने कहाँ महर्षि वाल्मीकि भगवान की कृपा सभी पर बनी रहे, उनके द्वारा रचित रामायण को हम सभी अपने जीवन मे आत्म सार कर प्रभु श्री राम की आराध ना करते है विधायक शिव अरोरा समस्त कमेटी के सदस्यों को सुंदर भव्य शोभायात्रा हेतु शुभकामनायें दी ओर क्षेत्रवासियो को महर्षि वाल्मीकि भगवान के प्रकोत्सव की बधाई दी। इस दौरान किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष धीरेन्द्र मिश्रा, पूर्व मेयर रामपाल, पूर्व चेयरमेन मीना शर्मा, पूर्व पार्षद मोहन खेड़ा, मुकेश राजोरिया, अमन वैध, शालनी बोरा, आयुष चिलाना, सुनील यादव, राजेश जग्गा, सुनील बाल्मीकि, विधान राय, विक्की वाल्मीकि, बिट्टू शर्मा, प्रेम वाल्मीकि,रामबाबू व अन्य लोग मौजूद रहे।






# संदिग्ध अवस्था में सड़ी गली लाश मिलने से मचा हड़कंप

गदरपुर।दिनेशपुर थाना क्षेत्र के मोहनपुर न 2 के एक खेत में संदिग्ध अवस्था में सड़ी गली लाश मिलने से हड़कंप मच गया। मोहनपुर नंबर दो सड़क किनारे स्थित अवध राइस मिल के पीछे वाली खेत में कुछ बच्चे बकरी चराने गए थे जहां एकाएक उनको राइस मिल के दीवार के पास एक व्यक्ति का शव नजर आया पास जाकर देखा तो वहां सडी गली अवस्था में एक लाश पड़ी थी। उन बच्चों ने तत्काल गांव



में जाकर शोर मचाकर पूरी घटना की जानकारी दी देखते ही देखते वहां आसपास लोगों का जमावड़ा लग गया। मौके पर दिनेशपुर पुलिस भी पहुंच गए खोजबीन के बाद पता चला मनोज बाला पुत्र सुकुमार बाला उम्र करीब 27 वर्ष निवासी मोहनपुर नंबर एक का व्यक्ति जो कि राजमिस्त्री का काम करता था, पिछले चार-पांच दिन से अपने घर से लापता था। मृतक के पिता ने मनोज बाला के रूप में मृतक की शिनाख्त की ।दिनेशपुर पुलिस ने शव का पंचनामा भर आगे की कार्रवाई कर रही है।




# गुरु की कृपा के बिना जीवन अधूरा: प्रकाशपुरी महाराज

## श्री अद्वैत स्वरुप अनन्त आश्रम में आयोजित विशाल सत्संग में उमड़े श्रद्धालु

गदरपुर(उद संवाददाता)। गूलरभोज रोड, रेडरोज कान्वेट रोड स्थित श्री अद्वैत स्वरुप अनन्त आश्रम में आयोजित विशाल सत्संग में कुरुक्षेत्र से पधारे संत अगम प्रकाशपुरी महाराज ने अपने प्रवचन में गुरु की महिमा का बखान करते हुए कहा कि गुरु की कृपा के बिना जीवन अधूरा है। मनुष्य को गुरु द्वारा बताये गये मार्ग पर चलना चाहिए। इस दौरान संत संतोषपुरी, संत ध्यानपुरी जी ने भी अपने भजनों से भक्तजनों को निहाल किया। सत्संग में मुख्य अतिथि के रुप में पहुंचे नैनीताल- उधम सिंह नगर के सांसद अजय भट्ट का कमेटी अध्यक्ष अशोक बजाज के नेतृत्व में जोरदार स्वागत किया गया। इस दौरान सांसद अजय भट्ट ने आश्रम में पहुंचकर संत अगम प्रकाशपुरी महाराज सहित अन्य संतो से भी आशीर्वाद प्राप्त किया। उन्होंने कहा कि संतो के दर्शन करने से जीवन सफल हो जाता है। उन्होंने आश्रम में शौचालय निर्माण के लिए पांच लाख रुपये देने की घोषणा की। कमेटी अध्यक्ष बजाज द्वारा सांसद अजय भट्ट को शाल ओढ़ाकर एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। वहीं भाजपा जिला महामंत्री अमित नारंग ने आश्रम में सौलर लाइट लगवाने की घोषणा की। वहीं भाजपा जिलाध्यक्ष गुंजन सुखीजा ने कहा कि प्रदेश के यजशस्वी मुख्यमंत्री के द्वारा प्रदेश में विकास तेजी से हो रहा है गदरपुर क्षेत्र में भी विकास की कमी नहीं आने दी जायेगी और प्रदेश सरकार की योजनाओं का लोगों को लाभ मिल रहा है। सत्संग के उपरान्त विशाल भण्डारे का भी आयोजन किया गया। जिसमें सांसद अजय भटट् सहित भाजपा नेताओं एवं दूर दराज से आये श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। स्वागत करने वालों भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष सुरेश खुराना, श्याम लाल सुखीजा, धर्म चन्द्र खेड़ा, टीकम खेड़ा,सुभाष गुम्बर, नरेश हुड़िया, विजय कुमार शर्मा, सुशील बजाज, मनोज गुम्बर, केवल कृष्ण सुखीजा, राजेश मिगलानी, हरलोक सिंह नामधारी, प्रमोद बजाज, जितेन्द्र बजाज, संजय मिगलानी, हंसराज ग्रोवर, अशोक मिगलानी, देशराज हुड़िया, वेद ठुकराल, दर्शन ठुकराल, दर्पण ठुकराल, राकेश सुखीजा, मोहन, लाल खेड़ा, बाबू सिंह तोमर, राजेश बजाज, सूरज छाबड़ा, ममता ठुकराल, नेहा बजाज, सरिता भुसरी, कंजन सुखीजा, सीमा सुखीजा, मनीषा सुखीजा, मोना गाबा, कैलाश रानी गाबा, वर्षा खेड़ा, पारुल बजाज, सहित काफी संख्या में श्रद्धालु मौजूद थे।





## उत्तरांचल दर्पण सम्पादकीय
सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

# खाने पीने का महंगा सामान

देश की आर्थिक स्थिति के आकलन में एक जरूरी पक्ष यह भी होना चाहिए कि आम लोग खानेपीने की चीजें खरीदने और उपभोग करने में कितना सहज महसूस करते हैं। मगर पिछले कुछ वर्षों से बाजार में जरूरी वस्तुओं की महंगाई की जैसी हालत है, उसमें लोगों के लिए अपना दो वक्त का उचित भोजन जुटा पाना एक चुनौती बन गई है। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय यानी एनएसओ की ओर से जारी ताजा आंकड़ों के मुताबिक, खानेपीने का सामान महंगा होने की वजह से खुदरा महंगाई सितंबर महीने में बढ़ कर 5.49 फीसद पर पहुंच गई। पिछले नौ महीने में खुदरा महंगाई का यह सबसे ऊंचा स्तर है। इस पर काबू पाने के सरकारी दावों के बरक्स हकीकत क्या है, इसका अंदाजा इससे लगाया जा सकता है कि भारतीय रिजर्व बैंक लगातार खुदरा महंगाई दो फीसद की कमी या बढ़ोतरी के साथ चार फीसद के स्तर पर बनाए रखने की कोशिश कर रहा है। मगर यह चार फीसद की उस सीमा के पार पहुंच गई है। गौरतलब है कि बीते कुछ समय में रोजमर्रा की जरूरतों, खासकर खानेपीने की चीजों की कीमतों में तेजी से इजाफा हुआ है। महंगाई के मोर्चे पर कभी थोक बाजार के आंकड़ों में राहत के संकेत दिखाए जाते हैं, लेकिन हकीकत यह है कि जरूरी चीजों की खुदरा कीमतों पर इसका शायद ही कोई बड़ा असर दिखता है। रोजगार और आय में कमी, इसके स्रोतों की अनिश्चितता या लंबे समय से स्थिरता की वजह से ज्यादातर लोगों के सामने खानेपीने के सामान की कीमतें चुनौती बन गई हैं और कुछ भी खरीदते हुए लोगों को अपनी क्रयशक्ति के बारे में सोचना पड़ता है। हालत यह है कि बाजार में सब्जियों की कीमतें जिस तरह आसमान छू रही हैं, उसमें बहुत सारे लोगों के लिए जरूरत से काफी कम खरीदना मजबूरी हो गई है। यह स्थिति तब है जब खानेपीने की चीजों को प्राथमिकता देने के क्रम में लोग कई बार घरेलू या अन्य जरूरतों को पूरा करने का मामला टाल देते हैं। ऐसे में समझा जा सकता है कि अर्थव्यवस्था और विकास की चकाचौंध में कितने लोग अपनी जगह बना पा रहे होंगे।

# सत्यापन अभियान में पुलिस सख्त मकान मालिकों के काटे चालान

बागेश्वर(उद संवाददाता)। जिले में बाहरी लोगों के शत फीसदी सत्यापन और बगैर सत्यापन के रह रहे लोगों परएसपी चंद्रशेखर घोड़के के सख्त आदेश और सख्त कार्रवाई करने के निर्देश के बाद पुलिस सख्त हो गई है,पुलिस ने ऐसे मकान जो बिना सत्यापन के बाहरी अनजान लोगों को किराए में घर दे रहे है, ऐसे मकान मालिकों के खिलाफ भी कार्रवाई करनी शुरू कर दी है। पुलिस ने जिले के छह मकान मालिकों पर जुर्माना लगाया है पुलिस ने तीन मकान मालिकों से पांच-पांच हजार का हर्जाना वसूला, जबकि तीन का दस-दस हजार का कोर्ट चालान किया है। पुलिस के सख्त होते ही मकान मालिकों में हड़कंप मचा हुआ है। पुलिस अधीक्षक चंद्रशेखड़ घोड़के के निर्देश पर झिरौली थाना पुलिस ने बिना सत्यापन किए किरायेदार रखने पर तीन मकान मालिकों पर पांच-पांच हजार का नगद चालान किया है। थाना बैजनाथ पुलिस ने दो व कोतवाली बागेश्वर पुलिस नें एक मकान मालिक का किया दस-दस हजार का कोर्ट का चालान किया है। इसके अलावा शाम चार बजे से रात दस बजे तक सघन चौकिंग अभियान जारी है। इस दौरान आपराधिक तत्वों, बाहरी व्यक्तियों का सत्यापन ना कराने पर पुलिस एक्ट में कुल 56 व्यक्तियों के विरुद्ध चालानी कार्रवाई की है। पुलिस की जनता

# सड़क हादसों को रोकने के लिए व्यापक जन-जागरूकता की जरूरत: राज्यपाल

देहरादून (उद संवाददाता)। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने गुरुवार को राजभवन ऑडिटोरियम में विश्व ट्रॉमा दिवस के अवसर पर एम्स ऋषिकेश द्वारा आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में प्रतिभाग किया। इस अवसर पर उन्होंने एम्स के ट्रॉमा केंद्र में कार्यरत नर्सिंग अधिकारी, एम्स ऋषिकेश के सफाई कर्मचारी एवं शवगृह सहयोगियों को उत्कृष्ट कार्य करने हेतु सम्मानित किया। इस अवसर पर राज्यपाल ने कहा कि उत्तराखण्ड में सड़क दुर्घटनाओं को कम करना एक बड़ी चुनौती है एवं इस चुनौती से निपटने के लिए व्यापक स्तर पर जन जागरू कता अभियान चलाने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि ट्रॉमा से पीड़ित व्यक्ति के प्रति सिर्फ चिकित्सकों की ही नहीं अपितु सर्वसमाज की जिम्मेदारी है और हेल्थ, एसडीआरएफ,एनसीसी और रेडक्रॉस की टीमों को समन्वय कर इसे आगे बढ़ाना चाहिए। राज्यपाल ने एम्स द्वारा आयोजित किए जा रहे जन-जागरूकता कार्यक्रमों की सराहना करते हुए कहा कि पिछले छह वर्षों में लगभग 5000 छात्रों को प्रशिक्षण देना एम्स ऋषिकेश द्वारा किए गए सबसे प्रभावशाली प्रयासों में से एक है और यह पहल एक मजबूत और



सुरक्षित समुदाय बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि एम्स ऋषिकेश ने राज्य सरकार के साथ मिलकर 250 से अधिक मरीजों की सफलतापूर्वक हेलीकॉप्टर द्वारा निकासी की है, जिससे समय पर जीवन रक्षक चिकित्सा सहायता प्रदान की जा सकी है। राज्यपाल ने कहा कि एम्स ऋषिकेश द्वारा संचालित हेली एम्बुलेंस और टेलिमेडिसिन सुविधा से विषम भौगोलिक परिस्थितियों वाले इस पहाड़ी राज्य में स्वास्थ्य से संबंधित चुनौतियों से निपटने में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस जैसी प्रभावशाली तकनीक के प्रयोग से स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में अभूतपूर्व प्रगति हुई है और उत्तराखण्ड के सभी स्वास्थ्य सुविधा अवयवों को मिलकर टेलिमेडिसिन एवं एआई युक्त सुविधाओं का एक विश्व स्तरीय मॉडल तैयार करना चाहिए। राज्यपाल ने कहा कि विश्व ट्रॉमा दिवस के अवसर पर, हम सभी को यह संकल्प लेना चाहिए कि हम अपने समुदायों को सुरक्षित और अधिक सक्षम बनाएंगे। उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में 'संजीवनी' नामक परियोजना शुरू होने जा रही है, जिसके तहत अगले एक वर्ष तक मरीजों को निशुल्क हेलीकॉप्टर से निकाला जाएगा। कार्यक्रम में ट्रॉमा विभाग के डॉ. मधुर उनियाल ने प्रस्तुतीकरण के माध्यम से ट्रॉमा विभाग की गतिविधियों एवं उपलब्धियों की जानकारी दी। इस अवसर पर एम्स ऋषिकेश की कार्यकारी निदेशक प्रो. मीनू सिंह, डीन प्रो.जया चतुर्वेदी, ट्रॉमा विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. कमर आजम, डॉ. नवीन कुमार सहित एसडीआरएफ के जवान, एम्स ऋषिकेश के शिक्षक एवं छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

# जैंती में वृहद बहुउद्देशीय विधिक जागरुकता एवं साक्षरता शिविर आयोजित

अल्मोड़ा(उद संवाददाता)। उत्तराखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, नैनीताल के निर्देशन एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, अल्मोड़ा श्रीकांत पाण्डेय के मार्गदर्शन में शचि शर्मा, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अल्मोड़ा की अध्यक्षता में अति दूरस्थ दुर्गम क्षेत्र स्थित सर्वोदय इंटर कॉलेज जैंती में वृहद बहुउद्देशीय विधिक जागरुकता एवं साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण शचि शर्मा द्वारा शिविर का शुभारंभ द्वीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। उपस्थित आम जनता व विद्यार्थियों को नालसा, सालसा, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की स्थापना व कार्यो, नालसा की विभिन्न योजनाए, माहिलाओं, बच्चों, ट्रांसजेंडर, वरिष्ठ नागरिकों आदि के अधिकारों, आजादी का अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में नागरिकों के अधिकार, मौलिक अधिकार व कर्तव्यों, नालसा टोल-फ्री हेल्पलाइन नंबर 15100, चाईल्ड हेल्पलाइन नंबर- 1098,महिला सशक्तिकरण, महिलाओं के विशेष कानूनी अधिकार,नशीले पदार्थों के दुष्प्रभाव,निःशुल्क विधिक सहायता, नशा विरोधी अभियान आदि के विषय



में जागरूक किया गया। नालसा थीम सॉग सुनवाया गया व मेधावी छात्रों को टेबलेट एवं महिलाओं को महालक्ष्मी किट, अन्य लाभार्थियों को छड़ी, व्हीलचेयर आदि प्रदान की गई। शिविर में एस.डी.आर.एफ टीम द्वारा आपदा प्रबंधन का प्रशिक्षण प्रदान किया गया।स्वास्थ्य विभाग द्वारा निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण किया गया, निःशुल्क दवाइयाँ वितरित की गई तथा दिव्यांगता प्रमाण पत्र भी बनाये गये। हैड़ाखान चैरिटेबल ट्रस्ट चिलियानौला रानीखेत द्वारा निशुल्क नेत्र परीक्षण किया गया ।अन्य विभागों के अधिकारीगण व कर्मचारियों द्वारा अपने विभागों की कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी प्रदान की गई, विभिन्न योजनाओं का लाभ दिया गया, कार्ड आदि बनाए गये व स्टाल लगाये गये ।शिविर में उपजिलाधिकारी जैंती,उप मुख्य चिकित्साधिकारी अल्मोड़ा,खण्ड विकास अधिकारी जैंती, तहसीलदार जैंती व प्रधानाचार्य आदि उपस्थित रहे। शिविर में विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थियों द्वारा सरस्वती वंदना, स्वागत गीत, नुक्कड़ नाटक, कुमाऊँनी नृत्य आदि प्रस्तुत किये गये।सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा विभिन्न विभागों द्वारा लगाये स्टाल का निरीक्षण किया गया एवं आम जनता को दी गई सहायता व लाभ के विषय में जानकारी ली गई एवं वृक्षारोपण किया गया।जैंती, लमगडाघ, भनोली व अल्मोड़ा के पैरा लीगल वालियंटर द्वारा हैल्प डैस्क व विधिक स्टाल के माध्यम से आमजनता की सहायता की गई व निशुल्क 430 सरल कानूनी ज्ञान माला पुस्तकों का वितरण किया गया शिविर में लगभग 3000 लोग लाभान्वित हुए।

# रेलवे ट्रैक पर पड़ा मिला सरिया, हादसा टला

देहरादून। काठगोदाम से देहरादून आ रही 14119 देहरादून एक्सप्रेस ट्रैक पर रखे 15 फीट लंबे सरिया पर चढ़ गई। इंजन के नीचे तेज आवाज आने और चिंगारी उठने से लोको पायलट ने इमरजेंसी ब्रेक लगाकर ट्रेन रोक दी। देहरादून एक्सप्रेस बृहस्पतिवार सुबह 4:30 बजे देहरादून आ रही थी। ट्रेन जैसे ही डोईवाला और हर्रावाला के बीच पहुंची लोको पायलट अनुज गर्ग को इंजन के नीचे तेज आवाज सुनाई दी। खतरे का अंदेशा होते ही उन्होंने इमरजेंसी ब्रेक लगा ट्रेन रोक दी। उन्होंने अपने असिस्टेंट के साथ नीचे उतरकर देखा तो इंजन के नीचे करीब 15 फीट लंबा और तीन सूत मोटा सरिया पड़ा हुआ था। किसी तरह सरिया निकालकर किनारे कर दिया गया और ट्रेन को सुरक्षित वहां से देहरादून रेलवे स्टेशन के लिए रवाना किया। साथ ही मामले की सूचना उच्च अधिकारियों को देने के साथ ही



आरपीएफ को दी गई। रेलवे की ओर से डोईवाला कोतवाली में केस दर्ज कराया गया है। हाल ही में देशभर में कई स्थानों पर ट्रेन पलटाने की साजिश के तहत सिलिंडर, ड्रम आदि रखकर रेलवे लाइन अवरुद्ध करने की साजिशें हुई हैं ऐसे में इस घटना पर जीआरपी और पुलिस अलर्ट हो गए हैं। मामले की गहनता से जांच की जा रही है कि आखिरकार सरिया रेलवे पटरी पर कैसे आया। बताया जा रहा है कि जहां घटना हुई वहां आसपास निर्माण भी चल रहा है। ट्रैक पर सरिया होने के पीछे यह भी कारण हो सकता है कि कुछ लोग सरिया लेकर जा रहे हों और एक सरिया ट्रैक पर छूट गया हो। दूसरी आशंका यह भी है कि हो सकता है किसी ने सरिया को जानबूझकर वहां रखा हो। पुलिस और जीआरपी ने हर बिंदु पर गहनता से जांच शुरू कर दी है।

# उत्तराखंड में दो माह चलेगा ऑपरेशन स्माईल अभियान

देहरादून। गुशमुदा बच्चों, पुरुषों और महिलाओं की तलाश के लिए मंगलवार से ऑपरेशन स्माइल की एक बार और शुरुआत की जा रही है। डीजीपी अभिनव कुमार ने इस संबंध में निर्देश जारी किए हैं। यह अभियान 2015 में शुरू किया गया था। तब से अब तक 13 बार चलाया जा चुका है। इस दरम्यान 5981 गुमशुदा लोगों को तलाशा जा चुका है। फिर से ऑपरेशन स्माइल के लिए टीमें गठित की गई हैं। पुलिस मुख्यालय से मिली जानकारी के अनुसार इस वर्ष एक मई से 30 जून तक ऑपरेशन स्माइल चलाया गया था। इस दौरान कुल 1370 गुमशुदा लोगों को तलाशा गया। पुलिस मुख्यालय स्तर पर ऑपरेशन स्माइल की नोडल अफसर एसपी क्राइम विशाखा अशोक भदाणे को बनाया गया है। अभियान के लिए देहरादून, हरिद्वार, नैनीताल और ऊधमसिंहनगर में पांच-पांच टीमें बनाई गई हैं। इनमें एक दरोगा और चार कांस्टेबल



शामिल रहेंगे। इसके अलावा बाकी सभी जनपदों में एक-एक टीम का गठन किया गया है। बरामद बच्चों और महिलाओं से जानकारी करने के लिए एक-एक महिला पुलिसकर्मी को टीमों में अनिवार्य रूप से तैनात किया गया है। टीम की सहायता के लिए एक-एक विधिक और तकनीकी टीम का गठन भी प्रत्येक जिले में किया गया है। वर्ष 2017 से गुमशुदा लोगों को बरामद करने के लिए सभी प्रयास किए जाएं। गुमशुदा लोगों का मिलान प्रदेश और सीमावर्ती राज्यों में बरामद लावारिस शवों से अनिवार्य रूप से किया जाए। ऑपरेशन स्माइल में नियुक्त टीम अपने जिलों के अलावा अन्य जिलों के गुमशुदा लोगों की तलाश में भी मदद करेंगी। गुमशुदाओं के बरामद होने के बाद उनकी सुपुर्दगी व पुनर्वास के संबंध में नियमानुसार कार्रवाई की जाए। बरामद लोगों के संबंध में किसी अपराध की जानकारी मिले तो नियमानुसार कानूनी कार्रवाई की जाए।

# तो क्या तालाब किनारे मोहित व विकास का इंतजार कर रही थी मौत!

**कुंडेश्वरी क्षेत्र का मामला, आत्माएं मांग रही इंसाफ, तालाब स्वामी की भूमिका पर उठ रहे सवाल**

काशीपुर(उद संवाददाता)। कुंडेश्वरी चौकी क्षेत्र में बीते 26 सितंबर को तालाब के किनारे कथित तौर पर करंट की चपेट में आने से हुई दो युवकों की मौत का मामला जांच के नाम पर ठंडे बस्ते में चला गया। दोनों के शव समीप स्थित पेड़ पर लटके पाए गए थे। चर्चा है कि दुर्घटना को आत्महत्या का रूप देने के लिए मुख्य आरोपी ने सुनियोजित तरीके से षड्यंत्र रचा। फिलहाल दोहरे मौत की हकीकत का सही मायनों में राजफाश नहीं हो सका है। जिले के डीएम व एसएसपी को भेजे शिकायती पत्र में कुंडेश्वरी निवासी धर्मावती पत्नी दीपक ने बताया कि बीते 26 सितंबर की शाम करीब 7बजे मोहल्ले के ही सोनू, रवि, जय व सुमित उसके पुत्र विकास को लेकर प्रतिबंधित मंगुरा मछली के तालाब की ओर गए। बताया जा रहा है कि तालाब स्वामी द्वारा तालाब के चारों ओर चोरी की बिजली से करंट प्रवाहित किया गया था जिसकी चपेट में आने से विकास तथा मोहित नामक एक अन्य युवक की मौके पर ही मौत हो गई। चर्चा है कि मामले की जानकारी तालाब स्वामी को हुई तो उसने कुछ लोगों की मदद से घटना को आत्महत्या का रूप देने के लिए शवों को जैतपुर रोड पर लीची के बाग में लोअर से गांठ बांधकर पेड़ पर लटका दिया गया। क्षेत्र में चर्चा है कि जेल जाने के डर से तालाब स्वामी ने संबंधित अधिकारियों को लाखों का चढ़ावा चढ़ाया है। यहां यह बताना भी जरूरी है कि इस पूरे प्रकरण उक्त व्यक्ति पूर्व में भाई को गोली मारने के आरोप में जेल की हवा खा चुका है।

## सुसाइड की नहीं थी कोई ठोस वजह

काशीपुर। मृतक विकास व मोहित जिंदादिल युवक थे। मेहनत मजदूरी कर परिवार का भरण पोषण करने वाले दोनों से परिजनों की तमाम अपेक्षाएं जुड़ी थी लेकिन एक व्यक्ति की घोर लापरवाही के कारण दोनों असमय काल के गाल में चले गए। घर से इतनी दूर जाकर पेड़ से लटक कर सुसाइड करने की बात पर कोई विश्वास नहीं कर रहा।आत्महत्या का कोई ठोस कारण भी नहीं था।

# खबर छापने पर पत्रकार को मिली जान से मारने की धमकी

काशीपुर(उद संवाददाता)। समाज सेवा के क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभाने वाले मोहल्ला बांसफोड़ान निवासी अली जान चौधरी को प्रतिबंधित मांगुर मछली की खबर प्रकाशित करने पर जान से मारने की धमकी दी गई है। बीते 8 अक्टूबर को भुक्तभोगी पत्रकार द्वारा मामले की तहरीर कोतवाली पुलिस को दी गई लेकिन पुलिस ने घटना के सप्ताह भर बाद भी आरोपी के खिलाफ कोई कार्यवाही नहीं की यही कारण है की पीड़ित परिवार अनहोनी की आशंका को लेकर दहशत में है। पुलिस को दी तहरीर में पत्रकार अली जान चौधरी ने बताया कि वह एक राष्ट्रीय हिंदी समाचार पत्र तथा न्यू चैनल के प्रबंध संपादक हैं। शिकायती पत्र में बताया कि बीते 8 अक्टूबर को कुंडेश्वरी क्षेत्र में एक तालाब में प्रतिबंधित मांगुर मछली पालन को लेकर विभागीय अधिकारियों द्वारा की जा रही कार्यवाही की खबर को कवरेज कर प्रकाशित करने पर तालाब स्वामी द्वारा पत्रकार तथा उसके परिवार को मौत के घाट उतारने की धमकी दी गई। आरोपी का आपराधिक इतिहास है इस कारण भुक्तभोगी परिवार अनहोनी की आशंका को लेकर दहशत में है। कोतवाली पुलिस को मामले की तहरीर देने के सप्ताह भर बाद भी आरोपी के खिलाफ कोई कार्यवाही नहीं हो सकी।

# खाता धारकों ने पोस्ट ऑफिस में काटा हंगामा

## बागेश्वर के सिमगढ़ी उपडाकघर मे 1500 खाताधारकों से करोड़ो की धोखाधड़ी

बागेश्वर(उद संवाददाता) बागेश्वर के सिमगढ़ी उप डाकघर में खाता धारकों के साथ लाखों रुपयें की धोखाधड़ी करनेका मामला सामने आ रहा है। क्षेत्र के 1,500 से अधिक खाता धारकों की जीवनभर की जमा-पूंजी उनकी पास बुक मे इंट्री तो है, लेकिन आन लाइन चेक करने पर खाते शून्य है। फ्राड करने कि सुगबुगाहट के बाद उप डाकघर से पोस्ट मास्टर भी लापता बताया जा रहा है।मामले का खुलासा तब हुआ जब सिमगढ़ी उपडाकघर मे लोग जमा पैसे निकालने गए तो पोस्टमास्टर आनाकानी करने लगा। बाद मे पोस्टमास्टर गायब हो गया। जब खाताधारकों ने अपनी पासबुक ऑनलाइन चेक करवाई और पाया कि उनके खातों में जमा की गई राशि जमा नही है।गुरुवार को सिमगढ़ी, मझेड़ा, और आसपास के गांवों के सैकड़ों लोग कमेड़ीदेवी पोस्ट ऑफिस पहुंचे, जहां उन्होंने अपनी पासबुक में लाखों रुपये की जमाराशि दर्ज पाई, लेकिन ऑनलाइन जांच करने पर खाते में मामूली रकम दिखाई दी।अपनी मेहनत कर एक एक पाई जोड़कर खाते मे जमा करने वाले लोग मायूस हैं। सबकी अलग अलग व्यथा है। बुजुर्ग शारदा देवी, जिन्होंने चार साल में 2 लाख की बचत की थी, अब उनके खाते में मात्र 2,000 बचे हैं। राकेश राठौर, जिन्होंने घ्12 लाख की एफडी की थी, उनके खाते में शून्य दिखाया जा रहा है। इससे लोग आक्रोशित



हो गए। ग्रामीणों का आक्रोश देख पुलिस बुलानी पड़ी, ग्रामीणों ने धोखाधड़ी की सीबीआई मांग की जांच की। कहा गई जमा धनराशि, क्यों जमा धनराशि खातों में शून्य के बराबर दिख रही है कैसे पोस्ट ऑफिस में आए दिन इस तरह कि शिकायतें आ रही है, जिम्मेदारो द्वारा ऑनलाइन व्यवस्था के बाद भी इस तरह भोलेभाले लोगों को झांसे में लेकर ईमानदारी का दिखावा कर उनके खातों के पैसे से कैसे कोई इतना बड़ा खेल खेल सकता है यह बड़ा सवाल बनकर उभर रहा है, जहाँ प्रतिदिन डाक सहित पोस्ट ऑफिस में होने वाले लेनदेन का ब्यौरा प्रमुख डाकघर को भी भेजा जाता है वहाँ इस तरह आँखों में धूल झोंककर क्यों लोगों के पैसो को गबन करने के मामले प्रकाश में आते है, इसको लेकर पोस्टल विभाग के अधिकारी भी क्या कुछ नहीं करते होंगे यें बड़ा सवाल बन रहा है,पूर्व में काफलीगैर डाकघर सहित अन्य स्थानों में खातों में पोस्टमास्टर द्वारा गबन किए जाने के मामले प्रकाश में आए है। ऐसे में अब लोगों का सबसे भरोसेमंद समझे जाने वाले पोस्ट ऑफिसो में जमा राशि की पर्ची मिलने के बाद भी ऐसे मामले आने को बड़े स्तर पर घोटाले की आशंका जता रहे है। अब सभी खाताधारक अपने पोस्टऑफिस में अपने खातों में जमा राशि की जानकारी लेने में जुट गए है। पुलिस ने सभी दस्तावेजों को कब्जे मे लिया है। वहीं ठगे गए ग्रामीणों का अब क्या होगा फिलहाल लोगों को कुछ नही सूझ रहा है।देखने वाली बात होगी कि पोस्टल विभाग इस तरह आए दिन हो रहे फ्राड के मामलो को रोकने के लिए क्या कार्रवाई करेगा, वहीं मामले में सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष कांडा खुशवंत सिंह ने भी मामले में किसी प्रकार से शांति व्यवस्था बाधित नहीं हो इसको लेकर लोगों से शांति बनाए रखने कि अपील की, साथ ही मामले में प्राथमिकी मिलने पर लोगों को कानूनी सहयोग का भरोसा दिया, वहीं पूर्व विधायक ललित फर्शवाण ने भी फ्राड करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।

# सतत विकास में शिक्षा का एकीकरण जरूरी: प्रो. जोशी

हल्द्वानी (उद संवाददाता)।शिक्षा और सतत विकास के बीच निरंतर संवाद की जरूरत को महत्वपूर्ण बताते हुए प्रोफेसर अतुल जोशी ने कहा कि सतत विकास में शिक्षा का एकीकरण वर्तमान समय की प्राथमिकता होनी चाहिए। कुमाऊं विश्वविद्यालय के शिक्षा शास्त्र के संयोजक व डीन प्रोफेसर अतुल जोशी मरियम इंस्टिट्यूट में इस विषय पर आयोजित एक कार्यशाला को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि शिक्षार्थियों को सूचित निर्णय लेने और जिम्मेदार कार्यवाही करने के लिए सतत विकास हेतु शिक्षा के द्वारा समर्थ व सशक्त बनाना होगा। कार्यशाला के तकनीकी




सत्र को एमबीपीजी कॉलेज शिक्षा शास्त्र विभाग की विभाग अध्यक्ष प्रोफेसर अनिता जोशी तथा डॉक्टर रेनू रावत ने प्रमुख वक्ता के रूप में संबोधित किया। उन्होंने सतत विकास और शिक्षा के बीच संबंध के विभिन्न पहलुओं की विस्तार से चर्चा की कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि प्रोफेसर बी आर पंत ने मानव भूगोल की बारिकियों साथ सतत विकास के विभिन्न पहलुओं को समझाया। इस अवसर पर प्रोफेसर आर एस पथनी, प्रोफेसर एल एम पांडे, डा. सोनी टम्टा, डा.नवल किशोर लोहनी, डा. एस के त्रिपाठी, डा.रुनुमी शर्मा, डॉ मतीन, आरिफ, डॉ सुधा जायसवाल, मनोज उप्रेती, धनंजय कुमार, उमेश भट्ट, अजय मौर्या, प्रमोद वर्मा, तरुण कुमार आदि उपस्थित रहे । कार्यक्रम का सफल संचालन संयोजक रूनुनी शर्मा तथा मनीषा सिंह ने किया।

# औषधि युक्त खीर का किया वितरण

गदरपुर(उद संवाददाता)। शरद पूर्णिमा के अवसर पर हर वर्ष बांटी जाने वाली औषधि युक्त खीर का वितरण इस वर्ष भी स्थानीय शिव मंदिर श्री ओम बापू मंदिर एवं अन्य स्थानों पर किया गया । जानकारी देते हुए सिख मिशनरी कॉलेज सर्किल गदरपुर के प्रभारी देवेंद्र सिंह ने बताया कि इस खीर के सेवन



से स्वाँस एवम दमा सम्बन्धी रोगों का निदान होता है। शरद पूर्णिमा की रात्रि को औषधि युक्त खीर तैयार करके चांदनी रात में रखी जाती है । उन्होंने बताया कि दमे जैसे रोगों से बचने के लिए अल्मोनियम के बर्तनों में बना हुआ खाना त्याग कर तांबा, पीतल ,लोहा, मिट्टी के बर्तनों का प्रयोग खाना बनाने के लिए करने से हमारे शरीर के कई प्रकार के रोग दूर हो जाते हैं । लगभग 200 लोगों को खीर वितरित करके उन्हें विभिन्न रोगों से बचाव की जानकारियां भी दी गई।

# निशुल्क होम्योपैथिक चिकित्सा शिविर आयोजित

गदरपुर(उद संवाददाता)। परमहंस होम्योपैथिक की डॉक्टर आशिता गुंबर द्वारा अपनी टीम के साथ गुरुद्वारा माता साहिब कौर में एक दिवसीय विभिन्न रोगों की चिकित्सा होम्योपैथिक दवाओं के माध्यम से किए जाने तथा निशुल्क दवा वितरण करते हुए अपनी सेवाएं प्रदान की गई ।डॉक्टर आशिता गुंबर ने बताया कि गुरुद्वारा साहिब में लगाए गए एक दिवसीय निशुल्क शिविर में 40



मरीज का उपचार किया गया। जिसमें आंखों के रोग, जोड़ों के दर्द, पेट के रोग सहित अन्य रोगों की जांच एवं चिकित्सा परामर्श दिए जाने के साथ निशुल्क दवा वितरण किया गया । इस दौरान दर्जनों लोगों ने जो कि पूर्व में लाभ प्राप्त कर चुके हैं परमहंस होम्योपैथिक की डॉक्टर आशिता गुंबर का आभार जताया।

# किच्छा में हिमालयन फुटबॉल चैंपियनशिप 20 अक्टूबर से

किच्छा(उद संवाददाता)।विगत वर्षों की भाँति इस वर्ष भी किच्छा के हिमालयन प्रोग्रेसिव स्कूल में हिमालयन फुटबॉल चैंपियनशिप का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन चार दिवसीय होगा, जोकि 20 अक्टूबर से 23 अक्टूबर तक चलेगा। प्रतियोगिता पुरूष व महिला दो वर्गों में आयोजित होगी। जानकारी देते हुए विद्यालय के प्रधानाचार्य राजेश शर्मा ने बताया कि इस आयोजन में सम्पूर्ण उत्तराखण्ड, हरियाणा तथा पहली बार नेपाल की भी लड़के और लड़कियों की दो टीमें प्रतिभाग करने के लिए विद्यालय पहुँचेंगी, जोकि कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण भी होंगी। फुटबॉल



एसोशिएशन रूद्रपुर के मुख्य रेफरी अपनी टीम के साथ आयोजन में रेफरी का कार्यभार संभालेंगे। दोनों वर्गों की विजेता टीम को इस बार ट्रॉफी के साथ 31000 की इनामी राशि भी प्रदान की जाएगी। छात्र, उनके अभिभावक, नगर के गणमान्य व्यक्ति तथा अन्य लोग इस शहिमालयन फुटबॉल चौंपियनशिप के दर्शक बनकर इसा आयोजन का आनन्द लेंगे। आयोजन के सफलता की कामना करते हुए विद्यालय प्रबंधक डॉ० दीपक रस्तोगी द्वारा सभी टीमों को शुभकामनाएँ दी गई।

## पेज एक का शेष...

**विशेषज्ञ समिति ने सीएम को ...** मोबाइल एप भी बनाया गया है। सबको एक समान न्याय, समानता मिले और महिलाएं सशक्त बने यही हमारा प्रयास है। सीएम ने कहा हमने जो संकल्प लिया था वो पूरा किया है। बता दें सेवा निवृत न्यायाधीश रंजना देसाई की अध्यक्ष में कमेटी गठित हुई। 7 फरवरी 2024 को विधेयक विधानसभा से पास हुआ। जिसके बाद 12 मार्च 2024 को राष्ट्रपति से यूसीसी को मंजूरी मिली। इसके बाद नियमावली और क्रियान्वयन के लिए पूर्व सीएस शत्रुघ्न सिंह की अध्यक्षता में कमेटी का गठन हुआ।यूसीसी लागू होने के बाद सभी धर्म-समुदायों में विवाह, तलाक, गुजारा भत्ता और विरासत के लिए एक ही कानून बन जायेगा। 26 मार्च 2010 के बाद से हर दंपती के लिए तलाक व शादी का पंजीकरण कराना अनिवार्य होगा। ग्राम पंचायत, नगर पंचायत, नगर पालिका, नगर निगम, महानगर पालिका स्तर पर पंजीकरण की सुविधा मिलगी। पंजीकरण न कराने पर अधिकतम 25,000 रुपये का जुर्माना लगेगा। पंजीकरण नहीं कराने वाले सरकारी सुविधाओं के लाभ से भी वंचित रहेंगे। विवाह के लिए लड़के की न्यूनतम आयु 21 और लड़की की 18 वर्ष होगी। महिलाएं भी पुरुषों के समान कारणों और अधिकारों को तलाक का आधार बना सकती हैं। हलाला और इद्दत जैसी प्रथा खत्म होगी। महिला का दोबारा विवाह करने की किसी भी तरह की शर्तों पर रोक होगी। कोई बिना सहमति के धर्म परिवर्तन करता है तो दूसरे व्यक्ति को उस व्यक्ति से तलाक लेने व गुजारा भत्ता लेने का अधिकार होगा। एक पति और पत्नी के जीवित होने पर दूसरा विवाह करना पूरी तरह से प्रतिबंधित होगा। पति-पत्नी के तलाक या घरेलू झगड़े के समय पांच वर्ष तक के बच्चे की कस्टडी उसकी माता के पास रहेगी। संपत्ति में बेटा और बेटी को बराबर अधिकार होंगे। जायज और नाजायज बच्चों में कोई भेद नहीं होगा। नाजायज बच्चों को भी उस दंपती की जैविक संतान माना जाएगा। गोद लिए, सरगोसी से असिस्टेड री प्रोडेक्टिव टेक्नोलॉजी से जन्मे बच्चे जैविक संतान होंगे। किसी महिला के गर्भ में पल रहे बच्चे के संपत्ति में अधिकार संरक्षित रहेंगे। कोई व्यक्ति किसी भी व्यक्ति को वसीयत से अपनी संपत्ति दे सकता है। लिव इन में रहने वाले प्रत्येक व्यक्ति के लिए वेब पोर्टल पर पंजीकरण अनिवार्य होगा। युगल पंजीकरण रसीद से ही किराया पर घर, हॉस्टल या पीजी ले सकेंगे। लिव इन में पैदा होने वाले बच्चों को जायज संतान माना जाएगा और जैविक संतान के सभी अधिकार मिलेंगे। लिव इन में रहने वालों के लिए संबंध विच्छेद का भी पंजीकरण कराना अनिवार्य होगा। अनिवार्य पंजीकरण न कराने पर छह माह के कारावास या 25 हजार जुर्माना या दोनों का प्रावधान होंगे।

**विधायक के कार्यालय...**बिल्डिंग की पांचवी मंजिल पर चढ़ गया और पुलिस से बचने के लिए वहां से छलांग लगा दी जिससे वह नीचे गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। उसके दोनों पैरों में गंभीर चोटें आ गई। उसे उपचार के लिए सुशीला तिवारी चिकित्सालय भेजा गया है। घायल युवक की पहचान जसन सिंह पुत्र संजीव कुमार निवासी ट्रांजिट के रूप में हुई है। फिलहाल युवक और उसके साथी विधायक के कार्यालय में क्यों घुसना चाह रहे थे इसका खुलासा नहीं हो पाया है। मामले में विधायक शिव अरोरा का कहना है कि पुलिस जांच कर रही है, जांच के बाद स्थिति स्पष्ट हो पायेगी। इधर प्लाजा के गार्ड समरपाल पुत्र स्व. लालता प्रसाद ने पुलिस को मामले की तहरीर सौंप दी है। जिसमें उसने कहा है कि रात्रि करीब 11 बजे कॉम्प्लैक्स के आगे नशे की हालत में चार युवक घूम रहे थे। जो गेट पर आ गये। जब उन्हें रोका तो वह गाली गलौच व मारपीट करने लगे। सम्भवतया युवक किसी आपराधिक घटना को अंजाम देने की फिराक में थे। जिस पर उसने आवाज देकर आस पास के लोगों को बुला लिया। लोगों को आता देख तीन युवक मौके से भाग गये जबकि एक को पकड़ लिया। जब पुलिस को सूचना दी जा रही थी तो वह युवक तेजी से कॉम्प्लैक्स के ऊपर जा चढ़ा और कूद कर भाग गया। जिससे उसे चोट लगी है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। पुलिस का कहना है कि सभी फरार युवकों को गिरफ्तार कर लिया जायेगा।

**अव्यवस्थाओं पर जिला...** चिकित्सा अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर चिकित्सा अधीक्षक को जमकर खरी खोटी सुनाई और मरीजों के पास ले जाकर अव्यवस्थाओं के बारे में बताया। कांग्रेसियों ने चेतावनी देते हुए कहा कि जल्द व्यवस्थायें नहीं सुधारी गयी तो अस्पताल में बेमियादी धरना दिया जायेगा। चिकित्सा अधीक्षक ने कांग्रेसियों को व्यवस्थायें सुधारने का आश्वासन दिया। इस दौरान मोहन खेड़ा, गोपाल भसीन, सुरेश यादव, सुनील आर्य, बाबू विश्वकर्मा, संजीव राठौर, उमर अली, इर्शाद अहमद, निसार खान, अशफाक, सपना गिल, आदि मौजूद थे।

**एम्स के चिकित्सा ...**लोगों को समय रहते अपने स्वास्थ्य की जांच अवश्य करनी चाहिए ताकि किसी भी बड़ी बीमारी से बचाव किया जा सके । गुंजन पैलेस बरेली रोड में आयोजित शिविर में अपराह्न तक 300 मरीज का स्वास्थ्य परीक्षण किया जा चुका था, नोडल अधिकारी ने आगे बताया कि 19 अक्टूबर को सेटेलाइट सेंटर में भी शिविर लगेगा जिसमें एम्स में कार्य कर रहे सभी मजदूर का स्वास्थ्य परीक्षण किया जाएगा। स्थानीय सामाजिक कार्यकर्ता इस कैंप को एक सामाजिक कैंप बनाते हुए अपना पूर्ण सहयोग और समर्थन करेंगे जिससे कि वहां पर समय-समय पर इसका संचालन किया जा सके और समाज इस स्वास्थ्य शिविर का लाभ उठाता रहे।

**प्रदेश में शीघ्र...**की नियुक्ति की जा सकती है। उन्होंने कहा कि अभी उत्तराखंड में चिकित्सकों की कमी है जिस कमी को दूर करने के लिए उत्तराखंड सरकार प्रयासरत है उन्होंने संभावना व्यक्त की कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा उत्तराखंड में चिकित्सकों का टोटा शीघ्र ही खत्म कर दिया जाएगा। इस अवसर पर मुख्य रूप से सामाजिक कार्यकर्ता अजय तिवारी, सचिन चावला, कमल भाटिया, भाजपा पूर्व मंडल अध्यक्ष विवेक राय, भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के जिला अध्यक्ष श्रीकांत राठौर, राजीव सक्सेना, राकेश गुप्ता, विपिन जलहोत्रा ,मुकेश कोली,ओम तनेजा, भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष मनमोहन सक्सेना, वरिष्ठ समाजसेवी संजीव खन्ना, पूरन भट लवी सहगल, हरीश खानवानी ,दिनेश भाटिया, कमलेंद्र सेमवाल ,कृष्णा राठौर, सहित सैकड़ो लोग मौजूद थे।

**युवक पर लोहे...**को रॉड सहित मौके पर ही पकड़ लिया जाता। घायल अजय का उपचार कराने के बाद मामले की तहरीर पुलिस को दे दी गई है। फिलहाल पुलिस ने मुकदमा दर्ज नहीं किया है। घायल युवक की मां का कहना है कि हमलावर आपराधिक प्रवृत्ति का है पूर्व में वह फायरिंग करके दहशत फैला चुका है।

# चार पेटी अवैध शराब के साथ आल्टो चालक को किया गिरफ्तार

बागेश्वर(उद सांददाता)। अवैध रूप से मादक पदार्थो का कारोबार करने वालों पर सख्ती बरतने के लिए एसपी चंद्रशेखर घोडके ने सभी थानाध्याक्ष को सख्त निर्देश दिए है। वहीं गोपनीय रूप से अवैध नशा और अवैध धंधे संचालित करने वालों पर नकेल कसने के लिए विशेष चेकिंग अभियान चलाने के निर्देश के बाद अवैध नशे के कारोबारियों में हड़कंप मचा हुआ है, शराब, चरस की अवैध तस्करी कर मोटी कमाई करने वालों का डाटा तैयार कर सूची उपलब्ध कराने के भी सख्त निर्देश पुलिस अधिकारियों को दिए गए है, वहीं एसपी घोड़के के सख्त निर्देश के बाद अब पुलिस के साथ आँख मिचोली कर अवैध धंधो में लिप्त कारोबारियों में हड़कंप मचा हुआ है। वहीं अभियान में चेकिंग अभियान के दौरान कपकोट पुलिस ने अवैध रुप से ऑल्टो वाहन में चार पेटी मदिरा ले जाते हुए अभियुक्त लिली कपकोट निवासी तनुज गढ़िया को गिरफ्तार किया है।साथ ही आल्टो कार को भी सीज कर दिया। वहीं एसपी चंद्रशेखर घोड़के ने अवैध रूप से नशे के कारोबार में लिप्त लोगों के खिलाफ कठोर कार्रवाई करने के निर्देश के बाद पुलिस अब अवैध रूप से शराब और नशीले पदार्थो की कालाबाजारी करने वालों पर शिकंजा कसने में जुट गई है। एसपी ने आमजन से किसी भी प्रकार से कोई भी शिकायत के लिए 9411111952 नंबर पर गोपनीय रूप से भी सूचना देने की अपील की।

संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक- परमपाल सुखीजा
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)





# हल्द्वानी की छात्रा से दिल्ली के होटल में पांच युवकों ने किया सामूहिक दुष्कर्म

## पुलिस ने सभी आरोपियों को किया गिरफ्तार, भेजा जेल

हल्द्वानी(उद संवाददाता)। हल्द्वानी के प्रतिष्ठित स्कूल की छात्रा से पांच युवकों ने दिल्ली के होटल में सामूहिक दुष्कर्म किया। इसके बाद आरोपी फरार हो गए। मुखानी थाना क्षेत्र में रहने वाले पिता की तहरीर पर पुलिस ने पांच आरोपियों के खिलाफ पॉक्सो की धारा में मुकदमा दर्ज कर लिया है। पांचों आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पांच आरोपियों में से तीन महाराष्ट्र के और दो दिल्ली के हैं। जानकारी के अनुसार, मुखानी थाना क्षेत्र में रहने वाली 15 वर्षीय छात्रा हल्द्वानी के एक प्रतिष्ठित स्कूल में कक्षा 10 में पढ़ती है। उसके पिता ने मुखानी पुलिस को तहरीर सौंपकर शिकायत की थी कि चार अक्तूबर को उसकी बेटी स्कूल के लिए निकली, लेकिन वह स्कूल नहीं पहुंची। पुलिस ने जब ढूंढ खोज शुरू कि तो पता चला कि वह दिल्ली जाने वाली ट्रेन से चली गई है। पुलिस ने पांच दिन पहले उसे दिल्ली से बरामद किया। पुलिस ने जब जांच की तो पता चला कि पांच लोगों ने उसके साथ दिल्ली के एक



होटल में सामूहिक दुष्कर्म किया। पुलिस ने दिल्ली के होटल से सीसीटीवी फुटेज और होटल में दी गई। आईडी की मदद से पांचों आरोपियों को दिल्ली से गिरफ्तार कर लिया है। इन सभी आरोपियों के खिलाफ पॉक्सो में मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया है। उधर नाबालिग छात्रा के मेडिकल रिपोर्ट में दुष्कर्म की पुष्टि हुई है।गिरफ्तार अभियुक्तों में संदेश संभाजी चिपलेकर(25) पुत्र संभाजी चिपलेकर निवासी कामोठे नवी मुंबई जिला रायगढ़ तहसील पनवेल कामोठे गांव नियर हनुमान मंदिर हाउस नंबर 1063।, रोशन चिन्तामन पाटिल(29) पुत्र चिन्तामन राघुनाथ पाटिल निवासी कामोठे गांव हाउस नंबर 137 सेक्टर 14 नियर हनुमान मंदिर जिला रायगढ़ महाराष्ट्र थाना कामोठे। योगेश रमेश नाईक(34) पुत्र रमेश नाईक निवासी असूद गांव पोस्ट कलम वोली तहसील पनवेल जिला रायगढ़ महाराष्ट्र थाना खादेश्वर। आशीष पुत्र रेवा राम अगरकर(30) निवासी हाउस नंबर 49 मोहम्मदपुर विलेज, आरके पुरम सैक्टर 12 नई दिल्ली 110066 थाना सेक्टर 12 आरकेपुरम नई दिल्ली। साहिल कुमार(24) पुत्र पूरन सिह निवासी बसंत विहार शिवाकैंप हाउस नंबर 544 थाना बसन्त विहार साउथ वेस्ट नई दिल्ली 1005 शामिल है।

## महाराष्ट्र के तीनों दरिंदे ऊंची पहुंच वाले !

हल्द्वानी। दिल्ली के एक होटल में सामूहिक दुष्कर्म कि बाद दरिंदे छात्रा को दिल्ली में छोड़कर भाग गए थे। वह दिल्ली में घंटों भटकती रही। इसके बाद महाराष्ट्र के लिए ट्रेन में सवार हो गई। महाराष्ट्र पहुंचने पर वहां एक रेलवे स्टेशन के पास वह रात को भटक रही थी। इस बीच एक मुस्लिम व्यक्ति की नजर छात्रा पर पड़ी। वह छात्रा को अपने घर ले गया। रात को खाना खिलाया। छात्रा को साहस दिया कि डरने की जरूरत नहीं है। व्यक्ति ने छात्रा को अपनी बेटी के संग अलग कमरे में सुला दिया और अगले दिन छात्रा को हल्द्वानी भेजने की तैयारी कर रहा था, मगर इस बीच छात्रा व्यक्ति को बिना बताए चुपचाप वहां से निकलकर वापस दिल्ली आ गई। महाराष्ट्र के तीनों दरिंदे ऊंची पहुंच वाले बताए जा रहे हैं। दो आरोपितों के पिता की अपनी कंपनियां हैं। तीसरे आरोपित का पिता नेता बताया जा रहा है। पुलिस ने तीनों आरोपितों के स्वजनों के बारे में जानकारी जुटानी शुरू कर दी है। असल में घटना के बाद पुलिस होटल में पहुंची थी, जहां पर सभी आरोपितों की आइडी लगी हुई थी। इसी आइडी के आधार पर पुलिस महाराष्ट्र व दिल्ली पहुंची और आरोपितों को पकड़कर हल्द्वानी ले आई। ऊंची पहुंच होने पर आरोपितों के स्वजन ने पुलिस पर दबाव बनाने का प्रयास किया, लेकिन एक न चली। पुलिस ने घिनौनी करतूत करने वालों को उसी जगह भेजा, जहां उन्हें होना चाहिए। एसएसपी प्रह्लाद नारायण मीणा के अनुसार शहर से लापता हुई छात्रा दिल्ली पहुंच गई थी। जहां उसके साथ महाराष्ट्र व दिल्ली के युवकों ने होटल में सामूहिक दुष्कर्म किया। इस मामले में तत्काल प्राथमिकी की। साथ ही सभी आरोपितों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

## रूद्रपुर में 20 व 21 को दिन में विद्युत आपूर्ति रहेगी बाधित

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। आम जनता को दीपावली पर्व पर निर्बाध बिजली उपलब्ध कराने के लिए विद्युत विभाग ने बड़े स्तर पर तैयारी शुरू कर दी है। जिस कारण आगामी 20 और 21 अक्तूबर को उपकेंद्रों में अनुरक्षण कार्य किए जाने से शहरी क्षेत्र में पूरे दिन बिजली की आपूर्ति बाधित रहेगी। विद्युत कटौती का सिडकुल पंतनगर की कंपनियों पर भी असर पड़ेगा। विभाग से मिली जानकारी के अनुसार 20 अक्तूबर को शहरीय क्षेत्र के 220 केवी उपकेंद्र सिडकुल के सेक्टर दो, तीन, चार, सात, नौ और 11 के 33 और 11 केवी पोषक क्षेत्र के सिडकुल पंतनगर, ओमेक्स, मेट्रोपोलिस, रेडिसन होटल, अशोक लेलैंड, हिंदुस्तान जिंक, रिद्धि-सिद्धि, ग्रीन प्लाई और टाटा मोटर्स के क्षेत्र प्रभावित होंगे। इसी प्रकार मटकोटा और गंगापुर उपसंस्थान से पोषित 33 और 11 केवी उपकेंद्र के क्षेत्र कलक्ट्रेट, जिला मजिस्ट्रेट, जिला अस्पताल, आवास विकास, ट्रांजिट कैंप, खेड़ा, शिवनगर, सिविल लाइंस, डाक्टर्स कॉलोनी, घास मंडी, आदर्श कॉलोनी, छत्तरपुरजयनगर, पुलिस लाइन, पीएसी, इंदरपुर और गंगापुर में बिजली सुबह आठ बजे से तीन बजे तक प्रभावित रहेगी। बताया गया कि 21 अक्तूबर को 132 केवी उपकेंद्र रुद्रपुर के भदईपुरा और सर्किल उपसंस्थान से पोषित 33 और 11 केवी- के पहाड़गंज, दूधियानगर, खेड़ा, भदईपुरा, शांति कॉलोनी, प्रीत बिहार, लोक बिहार, बगवाड़ा, फुलसुंगा, शिमला बहादुर, कौशल्या कॉलोनी, फुलसुंगी, बीएचईएल, इंडस्ट्रियल एरिया मल्सी, सर्किल, रंपुरा, भूतबंगला, दरियानगर, संजयनगर और राजा कॉलोनी में सुबह नौ बजे से शाम पांच बजे तक बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी

## ट्रैक्टर ट्राली से लूटे मटर के 12 कट्टे

किच्छा(उद संवाददाता)। मटर से भरी एक ट्रैक्टर ट्राली में से संदिग्ध परिस्थितियों में 12 कट्टे मटर लूटने का प्रकरण कोतवाली पुलिस में आया है पुलिस प्रकरण की जांच कर रही है।मटर पंतनगर ले जाइ जा रही थी। बलजीत सिंह पुत्र स्व० महेन्द्र सिंह निवासी पनचक्की फार्म किच्छा तहसील व थाना किच्छा ने पुलिस को दी तहरीर में कहा है कि बृहस्पतिवार शाम समय करीब 8:30 बजे उसका ड्राईवर गंगादास पुत्र भागीरथ नि० ग्राम मिलक ताज तहसील स्वार जिला रामपुर ट्रैक्टर ट्राली संख्या यूके 06बीई -8071 पर मटर 256 बोरा वजन करीब 150 कुन्टल लोड करके किच्छा से पन्तनगर की ओर जा रहा था कि रास्ते में बेनी मजार से आगे पहुंचने पर जाम होने से ट्रैक्टर ट्राली धीमी होने व अन्धेरे का फायदा उठाते हुए 4 लोग ट्राली पर चढ़ गये और ट्राली से 12 बोरे पीछे की ओर उतार लिये। ड्राईवर को पता चला तो उसने ट्रैक्टर को रोककर उक्त लोगों को ललकारा तो उन्होने ड्राईवर से मारपीट की तथा ट्रैक्टर की चाबी छीनने का प्रयास किया ड्राईवर ने शोर मचाया व फोन पर घटना की सूचना दी तो तुरन्त 112 पर काल की जिस पर पुलिस मौके पर पहुंच गई परन्तु उक्त चारो व्यक्ति अन्धेरे का फायदा उठाकर फरार हो गये। मटर की कीमत करीब 1,44,000 रूपये है। कोतवाली पुलिस के वरिष्ठ उप निरीक्षक उमेश कुमार द्वारा मामले की तुरंत जांच के लिए संबंधित हल्का उप निरीक्षक को कहा गया है ।अति व्यस्ततम सड़क पर चलती ट्रैक्टर ट्राली से मटर के कट्टे गायब होने को लेकर पुलिस भी संशय में है मौके पर पहुंची पुलिस के सूत्रों का भी कहना है कि मामले की जांच किया जाना नितांत आवश्यक ह। बरहाल समाचार लिखे जाने तक पुलिस मामले को विभिन्न एंगलों से जांच कर रही है।


